**NEET Bulletin Helpline No.**
**8800265682**
Completely NEET Counselling Guidance specially for
MBBS BDS BAMS BHMS BUMS
B.Sc Nursing GNM D./ B. Pharma
BPT MPT D/BMLT D.Optometry
OT Technician Clinical Research
B.Sc Ag. Micro Bio Bio Chem
Bio tech. BNYS etc.

R.N.I.NO.-UPHIN/2011/41608
राष्ट्रीय हिंदी दैनिक
# विजडम इंडिया
निर्भीक और बेबाक अभिव्यक्ति
EMAIL: sheelshukla100@gmail.com
लखनऊ से प्रकाशित

वर्ष: 13 अंक: 224 लखनऊ, शुक्रवार 29 मार्च 2024 मूल्य: 02 रुपये पृष्ठ- 08

## जब वोट गलत हाथ में जाता है तो कैराना में पलायन होता है, शामली में विपक्ष पर सीएम योगी का वार




संवाददाता।

लखनऊ सीएम योगी ने कहा के दस साल पहले भारत के पासपोर्ट की दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, लेकिन आज दुनिया भर में इसका सम्मान होता है। उन्होंने कहा कि आज देश की सीमाएँ सुरक्षित हो गई हैं। आतंकवाद और उग्रवाद नियंत्रण में है। इसके अलावा, विरासत का सम्मान किया जाता है।उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को कहा के कैराना के लोग एक वोट की कीमत जानते हैं, जैसा कोई नहीं जानता। उन्होंने कहा कि जनता द्वारा चुनी गई सरकार के सही विकल्प ने अपराधियों को उत्तर प्रदेश से भागने पर मजबूर कर दिया। शामली के स्कॉटिश इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, श्जब यह वोट गलत लोगों के हाथ में चला गया, तो कैराना से बड़े पैमाने पर पलायन हुआ और कर्फ्यू लगा दिया गया, लेकिन जब यह सही लोगों के हाथ में चला गया, कांवर यात्रा बड़े उत्साह के साथ होने लगी, जबकि विकासात्मक गतिविधियों में तेजी आई। योगी बीजेपी–लोकदल के संयुक्त उम्मीदवार प्रदीप चौधरी के लिए वोट मांग रहे थे। उन्होंने कहा कि समृद्ध इतिहास वाले कैराना ने कई उतार–चढ़ाव देखे हैं। उन्होंने लोगों को बधाई देते हुए कहा कि दशकों से, श्होली खेले रघुवीरा अवध में...श गीत गूंजता रहा है, फिर भी अब, 500 वर्षों के बाद, उस क्षण का असली सार आ गया है जब भगवान राम अयोध्या में होली मना रहे हैं। सीएम योगी ने कहा कि दस साल पहले भारत के पासपोर्ट की दुनिया में कोई कीमत नहीं थी, लेकिन आज दुनिया भर में इसका सम्मान होता है। "आज देश की सीमाएँ सुरक्षित हो गई हैं। आतंकवाद और उग्रवाद नियंत्रण में है। इसके अलावा, विरासत का सम्मान किया जाता है", उन्होंने काशी विश्वनाथ धाम के नवीनीकरण और अयोध्या में एक भव्य मंदिर के निर्माण का जिक्र करते हुए टिप्पणी की।उन्होंने तंज करते हुए पूछा कि क्या अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण सपा (समाजवादी पार्टी), बहुजन समाज पार्टी (बसपा) और कांग्रेस के लोग करा पाते? मुख्यमंत्री ने कहा, आपका एक वोट जब गलत हाथों में जाता था तो वह गलत हाथ रंगदारी वसूलता था। लेकिन एक वोट सही हाथों में, सही पार्टी को गया तो अब रंगदारी नहीं वसूली जाती बल्कि अब पीएम सम्मान निधि के माध्यम से फुटकर विक्रेताओं और व्यापारियों के लिए भी कर्ज के रास्ते खुले हुए हैं। उन्होंने भाजपा से जुड़े प्रबुद्ध वर्ग का आह्वान करते हुए कहा, आपको एक वोट की कीमत के बारे में समाज को बताना है।

## अटकलों पर लगा विराम, रामपुर लोकसभा सीट पर ये होंगे सपा के आधिकारिक उम्मीदवार

एजेंसी।

दिल्ली में पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। रामपुर संसदीय क्षेत्र में दो उम्मीदवारों द्वारा समाजवादी पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा करने के बाद कई घंटों तक भ्रम की स्थिति बनी रही। समाजवादी पार्टी (सपा) के उम्मीदवार के रूप में रामपुर लोकसभा सीट से बुधवार को नामांकन दाखिल करने वाले असीम राजा का नामांकन गुरुवार को खारिज कर दिया गया। जेल में बंद सपा नेता आजम खान के करीबी माने जाने वाले राजा की जगह रामपुर निर्वाचन क्षेत्र से मुहिबुल्लाह नदवी को टिकट दिया गया है। नदवी दिल्ली में पार्लियामेंट स्ट्रीट जामा मस्जिद के इमाम हैं। रामपुर संसदीय क्षेत्र में दो उम्मीदवारों द्वारा समाजवादी पार्टी के आधिकारिक उम्मीदवार होने का दावा करने के बाद कई घंटों तक भ्रम की स्थिति बनी रही।



ऐसा ही कुछ नजारा मुरादाबाद में देखने को मिला जहां दो सपा उम्मीदवार इस सीट से चुनाव लड़ने पर अड़े हुए थे। नामांकन दाखिल करने के बाद नदवी ने संवाददाताओं से कहा, षसपा अध्यक्ष अखिलेश यादव जी ने मुझे भेजा है। आजम खान भी मेरे हमदर्द हैं और मैं उनके लिए प्रार्थना करता हूं। मैंने समाजवादी पार्टी से अपना नामांकन दाखिल कर दिया है और मुझे साइकिल चुनाव चिह्न भी मिल गया है।ष हालाँकि, पार्टी ने अब यह घोषणा करते हुए भ्रम को दूर कर दिया है कि रामपुर से मुहिबुल्लाह नदवी और मुरादाबाद लोकसभा सीट से रुचि वीरा उसके अधिकृत उम्मीदवार हैं। रामपुर और मुरादाबाद सीट से दो–दो प्रत्याशियों ने सपा

## एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने कर दी लोकसभा चुनाव के लिए 8 उम्मीदवारों की घोषणा,

शिवसेना की सूची में अन्य सात नाम, सभी मौजूदा सांसद, राहुल शेवाले (मुंबई दक्षिण मध्य), संजय मांडलिक (कोल्हापुर), सदाशिव लोखंडे (शिरडी (एससी)) प्रतापराव जाधव (बुलढाणा), हेमंत पाटिल (हिंगोली), श्रीरंग बार्ने ( मावल) और धैर्यशील माने (हतकनंगले) हैं। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने गुरुवार को राज्य की आठ लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की, जिसमें सात मौजूदा सांसद भी



शामिल हैं। इसने रामटेक (एससी) सीट से पूर्व कांग्रेस विधायक राजू परवे को टिकट दिया, जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा। पारवे हाल ही में शिवसेना में शामिल हुए थे। उन्होंने सेना के मौजूदा सांसद कृपाल तुमाने की जगह ली है। सूची में अन्य सात नाम, सभी मौजूदा सांसद, राहुल शेवाले (मुंबई दक्षिण मध्य), संजय मांडलिक (कोल्हापुर), सदाशिव लोखंडे (शिरडी (एससी)) प्रतापराव जाधव (बुलढाणा), हेमंत पाटिल (हिंगोली), श्रीरंग बार्ने ( मावल) और धैर्यशील माने (हतकनंगले) हैं। जून 2022 में शिवसेना, जिसने 2019 का लोकसभा चुनाव भाजपा के साथ गठबंधन में लड़ा था, अलग हो गई और राज्य के 18 में से 13 सांसदों ने शिंदे के साथ गठबंधन कर लिया। शिंदे की तरफ से उम्मीदवारों के ऐलान से ठीक पहले बॉलीवुड अभिनेता और कांग्रेस के लोकसभा सदस्य रहे गोविंदा बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की उपस्थिति में शिवसेना में शामिल हो गए। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के तहत महाराष्ट्र के पूर्वी विदर्भ की पांच सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होगा और इन पांच सीट के लिए 183 उम्मीदवारों ने कुल 229 नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने यह जानकारी दी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तारीख बुधवार को समाप्त हो गई। पहले चरण में जिन दिग्गजों की किस्तम का फैसला होगा उनमें केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, राज्य मंत्री सुधीर मुनगंटीवार (दोनों भाजपा) और कांग्रेस की प्रतिभा धानोरकर शामिल हैं।

### राजनीति से जुड़ना करियर की सबसे बड़ी गलती...साल 2012 में कही अपनी बात के बाद गोविंदा ने फिर क्यों चुनी ये राह,

गोविंदा ने 1980 के दशक में अपना अभिनय का सफर शुरू किया था। अभिनेता ने कहा कि मैं 14 वर्ष के वनवास के बाद (राजनीति में) लौटा हूं। गोविंदा ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम करना चाहेंगे। अभिनेता गोविंदा ने कांग्रेस से इस्तीफा देने के पांच साल बाद 2012 में कहा था राजनीति में शामिल होना एक बड़ी गलती थी। यह कभी मेरे बस की बात नहीं थी। अब, 16 साल के विश्राम के बाद, बॉलीवुड के कॉमेडी किंग राजनीतिक मंच पर वापस आ गए हैं और महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुट में शामिल हो गए हैं। सूत्रों ने कहा कि गोविंदा को मुंबई उत्तर–पश्चिम सीट से मैदान में उतारे जाने की संभावना है। हालाँकि, यह निर्वाचन क्षेत्र गोविंदा के लिए अलग नहीं है क्योंकि अभिनेता ने 2004 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के टिकट पर इस सीट से सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा था। गोविंदा ने 1980 के दशक में अपना अभिनय का सफर शुरू किया था। अभिनेता ने कहा कि मैं 14 वर्ष के वनवास के बाद (राजनीति में) लौटा हूं। गोविंदा ने कहा कि अगर उन्हें मौका मिला तो वह कला और संस्कृति के क्षेत्र में काम करना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि जब से शिंदे मुख्यमंत्री बने हैं, मुंबई और सुंदर व विकसित हो गई है। शिवसेना में शामिल होने पर दिग्गज बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने कहा कि मैं देखना चाहता हूं कि सौंदर्यकरण, विकास, शहर और खास तौर पर कला और संस्कृति के लिए हम क्या कर सकते हैं।

## माफिया मुख्तार अंसारी की कार्डियक अरेस्ट से मौत बांदा जेल में बेहोश होकर गिर गया था

बांदा संवाददाता । बांदा जेल में बंद बाहुबली मुख्तार अंसारी की हार्ट अटैक से मौत हो गई है। मेडिकल कॉलेज बांदा ने उसकी मौत की पुष्टि की है। पूरे यूपी में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी है। मऊ, गाजीपुर और बांदा जिले में ध ाारा 144 लागू कर दी गई है। गुरुवार की देर रात जैसे ही मेडिकल कालेज द्वारा मुख्तार अंसारी की मौत को सूचना की पुष्टि की गई। वैसे ही पूरे जिले में प्रशासन ने 144 धारा लगाने के साथ नगर सहित पूरे जिले में पुलिस फोर्स की तैनाती कर दी गई। इसी बीच मुख्तार के ध ुर विरोधी ने भाजपा नेता अशोक सिंह ने कहा कि यह भगवान की सजा है। उनके भाई मन्ना सिंह का हत्या का फैसला अभी आना बाकी है लेकिन इससे पहले ही भगवान ने एक अपराध ाी को उसके किये को सजा मुकर्रर कर दी।

डॉक्टरों के मुताबिक मुख्तारी की मृत्यु दिल का दौरा पड़ने से हुई।

जेल सूत्रों के मुताबिक गुरुवार दोपहर से उसकी तबीयत दोबारा बिगड़ने लगी थी। सूचना मिलते ही जिला अस्पताल के तीन डॉक्टरों की टीम ने मौके पर पहुंच कर उसकी सेहत की जांच की थी। इसके बाद बांदा मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।




## बिहार हो गई सुलह, नीतीश कुमार से मिले चिराग पासवान, मुस्कुराते दिखे सीएम जीत का भरा दम



एजेंसी।

पटना बिहार दोनों नेताओं के बीच अतीत में काफी खट्टे रिश्ते रहे हैं, जब चिराग पासवान ने कई मौकों पर मुख्यमंत्री की आलोचना की थी, जिसमें अगस्त 2022 में नीतीश के राजद खेमे में चले जाना भी शामिल था। 2020 में चिराग पासवान ने अपने उम्मीदवार नीतीश की पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ उतारे थे। बिहार में एनडीए के लोकसभा चुनाव में उतरने के बीच एकता के संदेश में, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने गुरुवार (28 मार्च) को राज्य के मुख्यमंत्री और जेडीयू संयोजक नीतीश कुमार से उनके पटना स्थित आवास पर मुलाकात की। इस साल जनवरी में नीतीश कुमार के दोबारा एनडीए में शामिल होने के बाद दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। मुलाकात के दौरान संजय झा और सम्राट चौधरी भी मौजूद थे। बिहार भाजपा अध्यक्ष सम्राट चौधरी द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में नीतीश कुमार मुस्कुराते हुए और चिराग के कंधों को पकड़े हुए दिखाई दे रहे हैं। दोनों नेताओं के बीच अतीत में काफी खट्टे रिश्ते रहे हैं, जब चिराग पासवान ने कई मौकों पर मुख्यमंत्री की आलोचना की थी, जिसमें अगस्त 2022 में नीतीश के राजद खेमे में चले जाना भी शामिल था। 2020 में चिराग पासवान ने अपने उम्मीदवार नीतीश की पार्टी के उम्मीदवार के खिलाफ उतारे थे। नीतीश कुमार की पार्टी को बड़ा नुकसान हुआ था और उनकी पार्टी सिर्फ 43 सीटों पर सिमट गई थी। चिराग पासवान ने लगातार नीतीश के खिलाफ जमकर प्रचार किया था। हालांकि, वह भाजपा के पक्ष में बोलते रहे। कहीं ना कहीं जदयू की ओर से दावा भी किया गया था कि उनकी पार्टी को कमजोर करने की कोशिश की गई। चिराग पासवान कहते रहे हैं कि नीतीश कुमार से मेरी व्यक्तिगत दुश्मनी नहीं है। मैं उनकी नीतियों के खिलाफ हूं। हालांकि, अब दोनों नेता एक तस्वीर में एक साथ दिखे हैं। ऐसे में लोकसभा चुनाव से पहले दोनों के बीच के सुलह साफ तौर पर दिखाई दे रही है। चिराग ने कहा था कि नीतीश कुमार ने 2020 के विधानसभा चुनाव में एनडीए के लिए मिले जनादेश का षअपमानष किया। चिराग पासवान ने कहा कि 40 सीट जितने में कोई संदेह नहीं है। 2019 में तीन दल थे तो 39 सीट जीते थे आज हम लोग 5 हैं।

### ऑनलाइन दो अप्रैल तक जमा करें फीस

लखनऊ(आरएनएस )। लखनऊ विश्वविद्यालय में बीकॉम और एमकॉम में ऑनलाइन प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थी दो अप्रैल तक शिक्षा शुल्क जमा कर सकते हैं। हालांकि इसके लिए 31 मार्च तक रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करना अनिवार्य होगा। किसी अभ्यर्थी को आवेदन करने में कोई समस्या है तो प्रवेश समन्वयक से सम्पर्क कर सकता है। लविवि में ऑनलाइन और दूरस्थ शिक्षा केन्द्र की शुरूआत हो चुकी है। तीन वर्षीय बीकॉम और दो वर्षीय एमकॉम पाठ्यक्रम ऑनलाइन माध्यम से संचालित किए जाएंगे।इन ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में सत्र 2023–24 के दाखिले शुरू हो गए हैं। इन कोर्सो में31 मार्च तक पंजीकरण

## प्रदेश भाजपा कार्यालय पर चुनाव प्रबंधन की बैठक शुरू

लखनऊ(आरएनएस )। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय पर गुरूवार को चुनाव प्रबंधन की बड़ी बैठक शुरू हो गयी है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी और स्वतंत्रदेव सिंह के अलावा चुनाव प्रबंधन से जुड़े प्रदेश भाजपा के पदाधिकारी मौजूद हैं। इस बैठक में पहले व दूसरे चरण में होने वाली जनसभाओं व रैलियों का खाका तैयार किया जायेगा। इसके अलावा किन लोकसभा सीटों पर कौन नेता प्रचार करने जायेगा इस पर भी चर्चा होगी। आज से दूसरे चरण के प्रत्याशियों ने नामांकन करना शुरू कर दिया है। इसलिए भाजपा ने चुनाव प्रचार अभियान को तेज करने की रणनीति बना रही है।भाजपा उत्तर प्रदेश की 80 लोकसभा सीटों पर विजय हासिल करने की रणनीति पर काम कर रही है। इसके लिए ताबड़तोड़ जनसभाओं के माध्यम से पार्टी के पक्ष में माहौल बनाने का काम भाजपा करेगी। भाजपा की ओर से उत्तर प्रदेश में प्रचार के लिए 19 चार्टेड प्लेन भी बुक किये गये हैं। भाजपा के स्टार प्रचारक, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, ब्रजेश पाठक, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह व राज्यसभा सांसद डा. लक्ष्मीकांत बाजपेई समेत अन्य बड़े नेता चार्टेड प्लेने के माध्यम से जिलों का दौरा कर जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

## दो पुत्रियों के लिए मिल रहा श्रमिक कन्यादान योजना का लाभ

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अंतर्गत ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना से अभी तक 769 श्रमिकों के पुत्रियों का विवाह हुआ है। योजना में देय सहायता राशि 51 हजार रुपये से श्रमिक के परिवार में विवाह की खुशियां आयी है। इस योजना में श्रमिक अधिकतम दो पुत्रियों के विवाह कराने के लिए आर्थिक सहायता ले सकता है।अपर श्रम कल्याण आयुक्त डीके सिंह को श्रमिकों के हित में चल रही योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाने के लिए कार्य सौंपा गया है। डीके सिंह लगातार योजनाओं की समीक्षा करते रहते है। जिसमें श्रमिकों मिलने वाली ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना भी शामिल है। श्रमिक कन्यादान योजना के बारे में उनकी ओर दी गयी जानकारी में बताया गया कि ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना सिर्फ श्रमिक के लिए है।जिसमें योजना का लाभ लेकर दो पुत्रियों का विवाह किया जा सकता है।उत्तर प्रदेश श्रम विभाग अपने राज्य के श्रमिकों को 17 योजनाओं का लाभ पहुंचा रहा है। ज्योतिबा फुले श्रमिक कन्यादान योजना में 51 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाती है। इस योजना की राशि पाने के लिए श्रमिक को आनलाइन आवेदन करना पड़ता है। जिसमें आवेदनकर्ता श्रमिक की आय 15 हजार रुपये मासिक से ज्यादा न हो, उसे ही योजना का लाभ दिया जाता है।इसके अलावा श्रमिक कारखाना अधिनियम, 1948 के अंतर्गत श्रमिक का पंजीकरण आवश्यक है। श्रमिक के पुत्री का विवाह के समय 18 वर्ष की आयु होनी चाहिए। श्रमिक चाहे तो एक वर्ष के भीतर ही दूसरी पुत्री का भी विवाह कर सकता है, उसमें भी शर्ते पहले जैसी होगी।आवेदनकर्ता को चाहिए आवश्यक अभिलेख–योजना का लाभ लेने के लिए उप्र श्रम कल्याण परिषद की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन पत्र करना पड़ता है। आईएफएस कोड सहित बैंक पासबुक की छायाप्रति, विवाह के कार्ड की छात्राप्रति, कन्या की आयु की जांच के लिए आध ाार कार्ड की छायाप्रति और स्थानीय निकाय कार्ड या हाईस्कूल का मार्कशीट की छायाप्रति लगाना होता है।

## मंडलीय सभागार में डीआरएम ने की बैठक

लखनऊ(आरएनएस )। उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल के मंडलीय कार्यालय स्थित सभागार में अधिकारियों मंडल की मान्यता प्राप्त यूनियनों और एसोसियेशन के साथ पीआरईएम (प्रबंधन में रेलवे कर्मचारियों की भागीदारी ) बैठक गुरुवार को हुई जिसका शुभारम्भ डीआरएम उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल एसएम शर्मा ने किया।सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि बैठक का उद्देश्य एक बेहतर संचार प्रणाली स्थापित करना, प्रबंधन की दक्षता और व्यवहार्यता में सुधार करना, आवास और कल्याण गतिविधियों के संबंध में निवेश कार्यक्रम का मूल्यांकन करना, कर्मचारियों और प्रबंधन के बीच सौहार्दपूर्ण और सामंजस्यपूर्ण संबंध के लिए उचित माहौल बनाना, संगठनात्मक की प्रभावशीलता को अधिकतम बनाये रखना।

# विकसित भारत की गारंटी है मोदी की गारंटी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुछ लोगों ने जाति, संप्रदाय, मत और मजहब के नाम पर समाज को विभाजित किया, जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब कल्याण के आधार पर समाज के प्रत्येक तबके को शासन की योजना का लाभ दिया है, जो उनकी विकसित भारत की संकल्पना को दर्शाता है। विकसित भारत का मतलब हर भारतवासी के जीवन में खुशहाली लाना, हर नौजवान के हाथ को काम देना, उसकी आजीविका की पुख्ता व्यवस्था करना, हर व्यापारी को सुरक्षित माहौल देना और हर हस्तशिल्प–कारीगर के हुनर का सम्मान करना है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत में हर उद्यमी को ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के माध्यम से व्यापार और उद्योग लगाने की पूरी स्वतंत्रता होगी। उसके पास अपने प्रोडेक्ट को देश और दुनिया में पहुंचाने के लिए बेहतर कनेक्टिविटी होगी।

मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भी विघटनकारी और विभाजनकारी ताकतें तेजी के साथ प्रहार करने के लिए आतुर दिखाई दे रही हैं, ऐसे में उन्हें जवाब देने के लिए आपको राघव लखन पाल को वोट करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी विकसित भारत की गारंटी है। इसका मतलब देश के 12 करोड़ अन्नदातों को किसान सम्मान निधि, 4 करोड़ गरीबों को सर ढकने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना, ढाई करोड़ को मुफ्त में बिजली का कनेक्शन, 10 करोड़ गरीबों को मुफ्त में उज्ज्वला योजना के तहत रसोई गैस का सिलेंडर, 60 करोड़ लोगों को पांच लाख रुपये का स्वास्थ्य बीमा का कवर है। इतना ही नहीं उत्तर प्रदेश में 15 करोड़ और देश में 80 करोड़ लोगों को फ्री में राशन की सुविधा का लाभ मिलना ही मोदी की गारंटी है।

# उद्योगपतियों के कर्ज माफ लेकिन किसानों का भाजपा ने नहीं दिया ध्यान – अखिलेश यादव

लखनऊ(आरएनएस)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से आज समाजवादी पार्टी के प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में पूर्वांचल के विभिन्न जनपदों के उद्यमियों ने भेंट की और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम औद्योगिक इकाइयों की संगठित संस्था इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन (आई.आई.ए.) की ओर से ज्ञापन सौंपा। अखिलेश यादव ने इस अवसर पर अपने सम्बोधन में कहा कि लघु, मध्यम एवं सूक्ष्म श्रेणी की औद्योगिक इकाइयां बिना सरकारी सहयोग के पूरी क्षमता से नहीं चल सकती है। प्रदेश में 9 हजार से अधिक इकाइयां है। बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के आगे छोटी मध्यम इकाइयों को तमाम चुनौतियों से जूझना पड़ता है। चीन ने हमारे बाजार पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां जनविरोधी हैं। भाजपा की नीतियों से पूंजी घराने ही फायदा पाते हैं। बड़े उद्योगपतियों का 15 लाख करोड़ रूपए का कर्ज माफ कर दिया गया लेकिन किसानों और गरीबों का कर्ज माफ नहीं किया गया। छोटी व मध्यम इकाइयों को अगर मदद दी जाती तो 90 प्रतिशत से ज्यादा रोजगार सृजित हो जाता। किसान और व्यापारी के सहयोग से ही बेरोजगारी का समाधान हो सकता है। अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई और भ्रष्टाचार बेलगाम है। विकास अवरुद्ध है। समाजवादी सरकार में विद्युत व्यवस्था में व्यापक सुधार हुआ था। विद्युत उत्पादन की इकाइयां स्थापित की गई थी जबकि भाजपा सरकार में एक भी यूनिट बिजली का उत्पादन नहीं किया गया है और बिजली का बिल दुगना से ज्यादा कर दिया गया है। भाजपा की नीति और नियत दोनों से वर्तमान समस्याओं का हल नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि सशक्त राष्ट्र का रास्ता प्रगति और विकास से बनता है। पांच ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनाने का शोर तो बहुत है क्या उसके लिए अपेक्षित नीतियां बनायी गई है। उत्तर प्रदेश में भी एक ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने का दावा तो बहुत किया जा रहा है जबकि इसके लिए कोई रोडमैप नहीं दिख रहा है। भाजपा के झूठे वादों और पूंजीपरस्त नीतियों से देश को बचाना है। इलेक्टोरल बांड के जरिए भाजपा ने वसूली की है। लोकसभा चुनाव में व्यापारी और उद्यमी अपनी पूरी ताकत समाजवादी पार्टी पीडीए इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों को जिताने में मदद करेंगे।

# सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही में 11,62,965 लोग पाबन्द

लखनऊ(आरएनएस)। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आदर्श आचार संहिता के प्रभावी अनुपालन में पुलिस, आयकर, आबकारी, नार्कोटिक्स एवं अन्य विभागों द्वारा कार्यवाही की जा रही है। सघन जॉच के लिए 513 अंतर्राज्यीय चेक पोस्ट तथा 1846 चेक पोस्ट राज्य के भीतर संचालित किये गये हैं। पुलिस विभाग द्वारा अब तक 4,22,330 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। इसके अलावा अपराधिक व्यक्तियों के 310 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 3,756 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। इसी प्रकार सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 11,62,965 लोगों को पाबन्द किया गया। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग द्वारा 2,276 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 2,480 कारतूस, 06 किग्रा0 विस्फोटक व 110 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 406 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 55 केन्द्रों को सीज किया गया। आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में 27 मार्च को पुलिस विभाग द्वारा 21,768 लाइसेंसी शस्त्र जमा कराये गये। अपराधिक व्यक्तियों के 12 लाइसेंसी शस्त्र जब्त किये गये। 08 लाइसेंसी शस्त्र निरस्त कर जमा कराये गये। सीआरपीसी के तहत निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 73,522 लोगों को पाबन्द किया गया। साथ ही 119 बिना लाइसेंस के अवैध शस्त्र, 171 कारतूस, 14 बम बरामद कर सीज किये गये। पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र बनाने वाले 33 केन्द्रों पर रेड डाली गयी और 01 केन्द्रों को सीज किया गया।

# 01 मार्च से 27 मार्च तक कुल 8730.77 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी जब्त की गयी

### 27 मार्च को कुल 121.20 लाख रुपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त

लखनऊ(आरएनएस) प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 16 मार्च, 2024 को लोकसभा सामान्य निर्वाचन–2024 की निर्वाचन तिथियों की घोषणा के साथ ही प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, शांतिपूर्ण, भयमुक्त, प्रलोभनमुक्त, समावेशी व सुरक्षित मतदान कराने के लिए पूरे प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 27 मार्च तक कुल 8730.77 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 1417.43 लाख रुपये नकद धनराशि, 2185.18 लाख रुपये कीमत की 611923.63 लीटर शराब, 3241.76 लाख रुपये कीमत की 4475075.43 ग्राम ड्रग, 1778.18 लाख रुपये कीमत की 39163.86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं, 1.43 लाख रुपये के 298 मुफ्त उपहार एवं 106.79 लाख रुपये कीमत की 646.21 अन्य सामग्री जब्त की गयी। आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 27 मार्च को कुल 121.20 लाख रूपये कीमत की मदिरा, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 31.35 लाख रुपये नकद धनराशि, 52.78 लाख रुपये कीमत की 19920.53 लीटर शराब, 36.57 लाख रुपये कीमत की 18196.55 ग्राम ड्रग एवं 0.50 लाख रुपये कीमत की 08 अन्य सामग्री जब्त की गयी। 27 मार्च को प्रमुख जब्ती में जनपद खीरी की पलिया विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 19.04 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 2.64 किग्रा0 ड्रग, जनपद हापुड़ की गढ़मुक्तेश्वर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25.34 लाख रुपये नगद धनराशि पकड़ी गयी।

# पोस्टल बैलेट से मतदान कर सकेंगे, 12 आवश्यक सेवाओं में लगे कार्मिक

लखनऊ(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोक सभा सामान्य निर्वाचन–2024 के परिप्रेक्ष्य में 12 सेवाओं यथा–सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (आकस्मिक एवं एम्बुलेंस सेवा), डाक विभाग, ट्रैफिक पुलिस, रेलवे, विद्युत विभाग, नागरिक उड्डयन विभाग, मेट्रो रेल कारपोरेशन, दूरदर्शन, ऑल इण्डिया रेडियो, भारत संचार निगम लिमिटेड के ऐसे कार्मिक जो मतदान दिवस से सम्बन्धित ड्यूटी पर एवं मतदान दिवस की कवरेज हेतु आयोग द्वारा प्राधिकृत मीडिया प्रतिनिधि को पोस्टल बैलेट से मतदान की सुविधा दी गयी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन 12 सेवाओं के कार्मिक मतदान दिवस के दिन ड्यूटी पर होने के कारण पोलिंग स्टेशन पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर मतदान करने की स्थिति में न हों, उनके द्वारा फार्म–12डी भरकर और अपने विभाग के नामित नोडल अधिकारी से सत्यापित कराकर सम्बन्धित चरणध्निर्वाचन क्षेत्र की अधिसूचना जारी होने के 05 दिन के अंदर रिटर्निंग आफिसर के पास जमा किया जाएगा।

# आपसी लड़ाई में उलझा विपक्ष स्वाती सिंह



लखनऊ(आरएनएस )। भारत के विकास के लिए दिन–रात एक करने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एक तरफ विकास की बातें कर रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ विपक्ष आपसी झगड़े को निपटाने में जुटा हुआ है। यही नहीं वह कभी महिलाओं का अपमान कर रहा है तो कभी भारत विरोधी बयान दे रहा है। ऐसे में चुनाव परिणाम पहले से ही स्पष्ट हैं। उप्र में आपसी लड़ाई में उलझी सपा, जातिगत समीकरण भिड़ा रही बसपा और कांग्रेस शून्य पर सिमट जाएंगे। सभी 80 सीटों पर कमल खिलने जा रहा है। ये बातें भाजपा नेता व उत्तर प्रदेश सरकार की पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कही।गुरुवार को जारी बयान में उन्होंने कहा कि रामपुर और मुरादाबाद में सजा पा चुके आजम खां के आगे सपा आलाकमान झुक गई। उन्हें अपने सीटिंग सासंद को टिकट देने के बाद पुनरू वापस लेना पड़ा। सपा मुखिया पार्टी के अंदर चल रहे अंतरद्वद्व को समाप्त करने में ही पूरा समय गंवाना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ भाजपा कार्यकर्ता घर–घर जाकर लोगों को भाजपा के जनहितकारी कामों को बहुत पहले ही समझा चुके हैं।आज चुनाव भाजपा नहीं लड़ रही है, बल्कि भाजपा की तरफ से हर एक आम आदमी खुद ही लड़ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का चेहरा ही चुनाव में काफी है। स्वाती सिंह ने कहा कि बसपा सिर्फ जातिगत और धार्मिक आधार पर अपने कंडिडेट का चुनाव लड़ रही है। उसके पास न तो कोई विजन है और न ही उसका कोई उद्देश्य। उसका सिर्फ एक मात्र उद्देश्य है कि किसी तरह वह दो–चार सीटों पर जीत हासिल कर ले। इसे जनता भी जानती है।

# भाजपा पदाधिकारियों ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से की मुलाकात

लखनऊ (आरएनएस)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी के नेतृत्व में पार्टी के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को जनपथ लखनऊ स्थित निर्वाचन आयोग के कार्यालय पहुंच कर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी से भेट की। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जेपीएस राठौर, प्रदेश उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह, मोहित बेनीवाल, प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह प्रभारी हिमांशु दुबे, अखिलेश अवस्थी सहित अन्य प्रमुख नेता सम्मिलित थे।भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने राज्य के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि लोकसभा चुनाव के समय प्रदेश मे भीषण गर्मी की संभावना है। ऐसे में मतदान स्थलों पर पेयजल की व्यवस्था सहित मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए समुचित प्रबन्ध किए जाने का अनुरोध किया। साथ ही मतदान के दौरान प्रत्येक मतदाता की पहचान सुनिश्चित कर ही मतदान की अनुमति दिये जाने का आग्रह किया ताकि फर्जी वोटिंग को कड़ाई से रोका जा सके। प्रतिनिधि मंडल ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं को मतदान के लिए विशेष रूप से सुविधा जैसे व्हीलचेयर इत्यादि का प्रबंध कराये जाने का भी आग्रह किया। मतदाता पर्ची घर–घर पहुंचे इसका भी अनुरोध किया गया।पूर्व मंत्री और सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां को समाजवादी पार्टी द्वारा स्टार प्रचारकां की सूची में शामिल किये जाने को लेकर पत्रकारों द्वारा पूछे गऐ सवाल पर प्रदेश अध्यक्ष श्री भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी अन्तर्कलह का शिकार है, निश्चित रूप से समाजवादी पार्टी का जो चरित्र है उसे जनता जानती है। सपा ने आजम खां को स्टार प्रचांरक बनाया है, हो सकता है ये मुख्तार अंसारी को भी स्टार प्रचारक बना दें। इरफान सोलंकी को भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल किया जा सकता है।

# नारी सशक्तिकरण के लिए बिना भेदभाव समान अवसर जरूरी–श्रद्धा मिश्रा




आर0एन0एस0प्रतापगढ़। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अधिवक्ता परिषद द्वारा दीवानी न्यायालय स्थित अधिवक्ता भवन में राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बाल कल्याण समिति की न्यायिक सदस्य श्रद्धा मिश्रा ने कहा कि आज का यह कार्यक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण व प्रासंगिक है। सरकार ने महिला की सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन हेतु अभियान की शुरुआत की। यह अभियान बेटियों और महिलाओं को आगे बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगा। नारी के बिना दुनिया अधूरी है। महिला सशक्तीकरण के लिए बिना भेदभाव समान अवसर जरूरी है। परिषद की वरिष्ठ उपाध्यक्ष किरण बाला सिंह ने कहा की नारी सशक्त है। पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। कई क्षेत्र में नई बुलंदियों को छू रही हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद जूबाए पुरातन की पूर्व उपाध्यक्ष विभा पाण्डेय ने हर घर में बेटियों को अच्छी शिक्षा देने की पहल करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि बेटी को सशक्त बनाने का सबसे अच्छा तरीका है अच्छी शिक्षा देना। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे परिषद के जिलाध्यक्ष महेश कुमार गुप्ता ने कहा कि अंतराष्ट्रीय महिला दिवस की शुरुवात 1910 में जर्मन की क्लारा जेटकिन ने की थी। इसके बाद 1911 से अनवरत अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के रूप मनाया जा रहा है। जिसमे महिलाओं को सामाजिक आर्थिक और राजनैतिक क्षेत्र में आगे बढ़ाने हेतु जागरूक किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री मनोज सिंह ने किया। इस मौके पर मातृ शक्तियां ज्योति शुक्ला, तजीन फातिमा, फरहीन आलम, प्रियंका शर्मा, नेहा गुप्ता, अनुराधा द्विवेदी, प्रांतीय उपाध्यक्ष अनिल दुबे, मीडिया प्रभारी शिवेश शुक्ला, मंत्री विनीत कुमार शुक्ल, उदित गिरि, आशीष गुप्ता, सौरव पाल, नदीमउद्दीन, पंकज चौधरी, गणेश सिंह सोमवंशी, शिवम पांडेय, अमन राजपूत, आशीष राय, प्रदीप मिश्रा, अवनीश शर्मा सहित आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी व समाजवादी चिंतक के पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि



आर0एन0एस0प्रतापगढ़। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पं0 कृपाशंकर ओझा की प्रथम पुण्यतिथि पर जिले के लोगों ने उनकी स्मृति को नमन कर भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की। नगर के स्टेशन रोड पर आर्शीर्वाद परिसर में सियासी दिग्गजों के अलावा बडी संख्या में अधिवक्ताओ तथा प्रबुद्धजनों ने समाजवादी चिंतक के चित्र पर माल्यार्पण कर उनकी स्मृति को जिले के लिए धरोहर बताया। रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं एमएलसी गोपाल जी के मीडिया प्रभारी मुक्कू ओझा के पं0 कृपाशंकर ओझा पिता थे। वक्ताओं ने समाजवादी विचारक डॉ0 राम मनोहर लोहिया के शिष्य रहे पं0 कृपाशंकर ओझा के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण योगदान तथा लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए किये गये संघर्ष को याद किया। इस मौके पर पूर्व विधायक धीरज ओझा, सांसद संगम लाल गुप्ता, सदर विधायक राजेन्द्र मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, अनिल कुमार सिंह लाल साहब, रामअचल वर्मा, शिवप्रकाश मिश्र सेनानी, देवानंद त्रिपाठी, ओमप्रकाश मिश्र, आनन्द पाण्डेय, अंजनी सिंह बाबा, दिवाकर सिंह, विनय सिंह, बीके श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख विवेक त्रिपाठी, इंदुभाल मिश्र, संतोष नारायण मिश्र, शशांक भूषण सिंह, हरिशंकर सिंह हैपी, अनिल यादव, मयंक सिंह, राजेश्वर तिवारी, जूनियर बार के अध्यक्ष रोहित शुक्ल, पूर्व महामंत्री जेपी मिश्र, रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, लालगंज संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, विकास मिश्र आदि मौजूद रहे।

# मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण के संबंध में कर लें तकनीकी जानकारी–सीडीओ



आर0एन0एस0प्रतापगढ़। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नगर के क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान में गुरुवार से दो दिवसीय मास्टर ट्रेनर्स की प्रशिक्षण कार्यशाला प्रारम्भ हुई।प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक सीडीओ नवनीत सेहारा ने कहा कि सभी मास्टर ट्रेनर्स पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण को प्राप्त करें। ताकि वह सभी मतदान कार्मिकों को अच्छे से प्रशिक्षित कर चुनाव को सफलतापूर्वक सम्पन्न करा सकें। सीडीओ ने मास्टर ट्रेनर्स से ईवीएम एवं मतदान प्रक्रिया से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार के प्रश्न पूछे। ईवीएम सम्बन्धित कई बिन्दुओं पर पावरप्वाइंट प्रजेन्टेशन के जरिये विस्तारपूर्वक जानकारी सुपर मास्टर ट्रेनर डा0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा व डा0 विंध्याचल सिंह द्वारा दिया गया। जिसमें चुनाव प्रक्रिया से लेकर अंत तक दिखाई गयी और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया। प्रशिक्षण के बाद सभी मास्टर ट्रेनर्स की 35 नम्बर की एक बहुविकल्पीय परीक्षा भी सम्पन्न हुई।

# कानून से कैसे मिल सकती है बाल्टीमोर हादसे में ग्रेस ओशन को राहत, लाखों डालर की देनदारी बच सकती है



तुलाने यूनिवर्सिटी के मैरीटाइम लॉ सेंटर के निदेशक मार्टिन डेविस ने दावा किया है कि 1851 का कानून दुर्घटना के बाद जहाज की कीमत और इसके द्वारा एकत्र की गई किसी भी कमाई पर जहाज मालिक की देनदारी को सीमित करके लाखों डॉलर के जोखिम को कम कर सकता है। डेविस ने कहा कि यह एक लिहाज से बहुत ही असामान्य दुर्घटना है, खासकर पूरे पुल के गिरने के इस फुटेज के कारण। लेकिन कई मायनों में, यह असामान्य नहीं है, क्योंकि जहाज टकराते हैं और क्षति होती है और हर समय चोट लगती रहती है। अमेरिका के बाल्टीमोर में फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज एक विशाल कंटेनर जहाज डाली से टकराने के बाद पटाप्सको नदी में गिर गया। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, कानूनी विशेषज्ञों का कहना है कि टाइटैनिक कानून की वजह से जहाज के मालिक, सिंगापुर स्थित ग्रेस ओशन को नुकसान के लिए अपनी देनदारी कम करने में मदद मिल सकती है। हालाँकि, मालिक को अभी भी क्षति के दावे में लाखों डॉलर का भुगतान करना पड़ सकता है। पुल पर काम कर रहे छह लोग जो पानी में गिर गए और लापता हो गए, उन्हें मृत मान लिया गया है। 19वीं सदी के कानून को एक बार टाइटैनिक के मालिक द्वारा 1912 में जहाज के डूबने के लिए भुगतान को सीमित करने के लिए लागू किया गया था। यह कानून नौवहन दिग्गजों को समुद्र में आपदाओं से होने वाले भारी नुकसान से बचाने में मदद करता है। तुलाने यूनिवर्सिटी के मैरीटाइम लॉ सेंटर के निदेशक मार्टिन डेविस ने दावा किया है कि 1851 का कानून दुर्घटना के बाद जहाज की कीमत और इसके द्वारा एकत्र की गई किसी भी कमाई पर जहाज मालिक की देनदारी को सीमित करके लाखों डॉलर के जोखिम को कम कर सकता है। डेविस ने कहा कि यह एक लिहाज से बहुत ही असामान्य दुर्घटना है, खासकर पूरे पुल के गिरने के इस फुटेज के कारण। लेकिन कई मायनों में, यह असामान्य नहीं है, क्योंकि जहाज टकराते हैं और क्षति होती है और हर समय चोट लगती रहती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इसके अलावा, जहाज मालिक का बीमा कंपनी को कानूनी जोखिमों से निपटने में मदद करेगा। बीमा दावे यह साबित करने पर आधारित होंगे कि क्या दुर्घटना लापरवाही के कारण हुई थी, और यदि हां तो किसके द्वारा, या यांत्रिक विफलता के कारण हुई थी। जहाज का बीमा ब्रिटानिया प्रोटेक्शन एंड इंडेम्निटी क्लब द्वारा किया जाता है, जो एक पारस्परिक बीमा संघ है जिसका स्वामित्व शिपिंग कंपनियों के पास है।

# भारत संग व्यापार करने को क्यों उतावला हो रहा पाकिस्तान? 5 साल पहले उठाए कदम से पीछे हटने के पीछे का क्या है प्लान



भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ व्यापार अभी भी तीसरे पक्ष, यानी दुबई, सिंगापुर और अन्य बंदरगाहों के माध्यम से जारी है। चालू वर्ष में ही भारत ने पाकिस्तान को लगभग 1.10 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया है जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद, चीनी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। पाकिस्तान से आयात नगण्य है। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने सुझाव दिया कि वे भारत के साथ व्यापार फिर से शुरू करने पर श्गंभीरता से विचारश कर सकते हैं। पाकिस्तान के विदेश कार्यालय ने यह स्पष्टीकरण लंदन में नए विदेश मंत्री इशाक डार की हालिया टिप्पणी के बाद दिया, जहां उन्होंने कहा था कि पाकिस्तान भारत के साथ व्यापार संबंधों को बहाल करने की संभावना पर गंभीरता से विचार करेगा, जो अगस्त 2019 से निलंबित हैं। भारत की ओर से पाकिस्तान के साथ व्यापार अभी भी तीसरे पक्ष, यानी दुबई, सिंगापुर और अन्य बंदरगाहों के माध्यम से जारी है। चालू वर्ष में ही भारत ने पाकिस्तान को लगभग 1.10 बिलियन डॉलर का सामान निर्यात किया है जिसमें पेट्रोलियम उत्पाद, चीनी और फार्मास्यूटिकल्स शामिल हैं। पाकिस्तान से आयात नगण्य है। दो साल पहले पाकिस्तान ने भारत से जीवनरक्षक दवाओं के आयात पर लगी रोक हटा ली थी. वर्तमान में, यही एकमात्र प्रत्यक्ष व्यापार है जो होता है और वह भी इसलिए क्योंकि भारत किसी भी पड़ोसी देश को मानवीय सहायता में विश्वास रखता है। नई दिल्ली द्वारा जम्मू–कश्मीर पर अनुच्छेद 370 और अनुच्छेद 35 (ए) को निरस्त करने के बाद पाकिस्तान ने भारत के साथ संबंधों को कम करने और सभी व्यापार संबंधों में कटौती करने का फैसला किया। 14 फरवरी, 2019 को पुलवामा में पाक स्थित आतंकवादी समूह जैश–ए–मोहम्मद के आत्मघाती बम हमले में 40 केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों की मौत के बाद भारत ने पाकिस्तान को दिया गया श्मोस्ट फेवर्ड नेशनश का दर्जा हटा दिया। विदेश मंत्री और पाक पीएम के बयानों की टाइमिंग दिलचस्प बात यह है कि जिस दिन इशाक डार ने बयान दिया, उस दिन पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने दोहराया कि भारत और पाकिस्तान जम्मू–कश्मीर के मुद्दे को सुलझाने के बाद ही आगे बढ़ सकते हैं। उनका बयान भारत स्थित एक कनिष्ठ राजनयिक के बयान और ट्वीट से परिलक्षित हुआ, जिन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान को जम्मू–कश्मीर सहित सभी लंबित द्विपक्षीय मुद्दों को सुलझाने की जरूरत है। जहां तक घ्भारत का सवाल है, पाकिस्तान के साथ उसका एकमात्र मुद्दा आतंकवाद है क्योंकि जम्मू–कश्मीर का कोई मुद्दा नहीं है जिसकी स्थिति अंततः हमेशा के लिए तय हो गई हो। भारत के साथ व्यापार क्यों करना चाहता है पाकिस्तान? पाकिस्तानी व्यापारिक समुदाय पर व्यापार करने का बहुत दबाव है क्योंकि वे तीसरे देशों के माध्यम से भारत से आयात प्राप्त करते समय अतिरिक्त शुल्क का भुगतान कर रहे हैं। पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था बेहद खघ्राब स्थिति में है और विदेशी कर्ज और देनदारियां लगभग दोगुनी होकर 125 अरब डॉलर हो गई हैं। 2011 के बाद से इसका घरेलू ऋण नाममात्र के संदर्भ में छह गुना बढ़ गया है। वित्तीय वर्ष 2024 के लिए, पाकिस्तान को ब्याज भुगतान के रूप में 30 प्रतिशत के साथ +49.5 बिलियन की अनुमानित ऋण परिपक्वता का सामना करना पड़ता है।

# चीन अपने बेबुनियाद दावों को जितनी बार चाहे दोहरा सकता है, भारत ने अरुणाचल प्रदेश पर बीजिंग को लताड़ा,



चीन अपने बेबुनियाद दावों को जितनी बार चाहे दोहरा सकता है। इससे स्थिति बदलने वाली नहीं है. अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। रणधीर जयसवाल का बयान चीन द्वारा फिर से अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने के कुछ दिनों बाद आया है। अरुणाचल प्रदेश को भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा बताते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि चीन अपने निराधार दावों को जितनी बार चाहे दोहरा सकता है। लेकिन उससे स्थिति नहीं बदलेगी। गुरुवार को साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने कहा कि अरुणाचल प्रदेश पर इस मामले पर हमारी स्थिति बार–बार स्पष्ट की गई है। हमने हाल ही में इस संबंध में बयान भी जारी किए हैं। मुझे लगता है कि कुछ बयान हैं। चीन अपने बेबुनियाद दावों को जितनी बार चाहे दोहरा सकता है। इससे स्थिति बदलने वाली नहीं है. अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा था, है और रहेगा। रणधीर जयसवाल का बयान चीन द्वारा फिर से अरुणाचल प्रदेश पर अपना दावा पेश करने के कुछ दिनों बाद आया है। चीन ने कहा कि वह अरुणाचल प्रदेश को भारत के हिस्से के तौर पर अमेरिका द्वारा मान्यता दिए जाने का कड़ा विरोध करता है और अमेरिका का भारत–चीन सीमा विवाद से कोई लेना–देना नहीं है। चीन ने यह आरोप भी लगाया कि अमेरिका स्वार्थी भू–राजनीतिक हितों के लिए अन्य देशों के विवादों को भड़काने और उनका उपयोग करने करने की कोशिश कर रहा है। चीन की कड़ी प्रतिक्रिया अमेरिकी विदेश विभाग के प्रधान उप प्रवक्ता वेदांत पटेल की उस टिप्पणी के बाद आई, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका "अरुणाचल प्रदेश को भारतीय क्षेत्र के रूप में मान्यता देता है।

# थाइलैंड, नेपाल, श्रीलंका, पोलैंड समेत कई नाम शामिल, बिठा रखा है सबसे बड़ा प्रिंटिंग सेटअप




चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष लियू गुइशेंग ने मई में चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित द्विमासिक पत्रिका चाइना फाइनेंस में एक लेख में लिखा था कि चीन को 2015 में नेपाल से पैसे छापने का पहला अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक ऑर्डर प्राप्त हुआ। दुनिया में कई ऐसे देश हैं जो अपनी करेंसी को किसी और देश में छपवाते हैं। ऐसे भी कई देश हैं जो दूसरे की करेंसी को छापते हैं। खास बात ये है कि चीन इन सबमें सबसे आगे हैं। यानी चीन दुनिया का एकलौता ऐसा देश है जो सबसे अधिक करेंसी को प्रिंट करता है। वो भी दूसरे देशों के और करेंसी छपवाने की कतार में कई देश हैं। इनमें पोलैंड, नेपाल, श्रीलंका, बांग्लादेश शामिल है। यही वजह है कि चीन कई देशों की मुद्रा की छपाई कर वैश्विक अर्थव्यवस्था में अपने प्रभाव को बढ़ाने की कोशिश कर रहा है। इससे उसे एक तरफ तगड़ी कमाई तो हो ही रही है। वहीं दूसरी तरफ उसकी खुद की अर्थव्यवस्था मजबूत हो रही है। चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष लियू गुइशेंग ने मई में चीन के केंद्रीय बैंक द्वारा संचालित द्विमासिक पत्रिका चाइना फाइनेंस में एक लेख में लिखा था कि चीन को 2015 में नेपाल से पैसे छापने का पहला अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक ऑर्डर प्राप्त हुआ। लियू ने कहा कि सरकारी स्वामित्व वाली कंपनी ने नेपाल से 100 रुपये, 1,000 रुपये और 5 रुपये की बोली जीती। लियू बताते हैं कि तब से कंपनी ने पहल द्वारा लाए गए अवसरों का लाभ उठाया और थाईलैंड, बांग्लादेश, श्रीलंका, मलेशिया, ब्राजील और पोलैंड सहित ष्कई देशों में मुद्रा उत्पादन परियोजनाओं के लिए सफलतापूर्वक अनुबंध हासिल किए। हांगकांग स्थित साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशन ने पुष्टि की है कि इस साल सरकार द्वारा निधारित असामान्य रूप से उच्च कोटा को पूरा करने के लिए देश भर में मुद्रा उत्पादन संयंत्र लगभग पूरी क्षमता पर चल रहे हैं। इसमें कहा गया है कि ज्यादातर मांग श्बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिवश (बीआरआई) में भाग लेने वालों से आती है। इसमें कहा गया है कि चीनी युआन बिल केवल ऑर्डर का एक छोटा सा हिस्सा बनाते हैं क्योंकि अधिकांश चीनी अब मोबाइल या डिजिटल भुगतान के आदी हो गए हैं। बीआरआई एशियाई देशों, अफ्रीका, चीन और यूरोप के बीच कनेक्टिविटी और सहयोग में सुधार पर केंद्रित है। चीन का कहना है कि 60 से अधिक देशों ने बीआरआई निवेश के लिए हस्ताक्षर किए हैं। बीआरआई में चीन–पाकिस्तान आर्थिक गलियारा (सीपीईसी) शामिल है, जिस पर भारत ने विरोध जताया है क्योंकि यह पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) से होकर गुजरता है। चाइना बैंकनोट प्रिंटिंग एंड मिंटिंग कॉर्पोरेशनश, जिसका मुख्यालय बीजिंग में है, खुद को पैमाने के हिसाब से दुनिया का सबसे बड़ा मनी प्रिंटर बताता है। अखबार में कहा गया है कि 18,000 से अधिक कर्मचारियों के साथ, यह कागजी नोटोंऔर सिक्कोंके उत्पादन के लिए 10 से अधिक कड़ी सुरक्षा वाली सुविधाएं चलाता है। निगम की सहायक कंपनी 604 फैक्ट्री में काम करने वाले एक कर्मचारी के अनुसार, हेबेई प्रांत के बाओडिंग में देश की सबसे बड़ी मुद्रा पेपर मिल ष्बड़े ऑर्डरष् के अचानक आगमन के साथ हरकत में आ गई।

# फिलिस्तीनियों से मातृभूमि को छीना गया, इजराइल–हमास युद्ध के बीच क्या बोले विदेश मंत्री एस जयशंकर?



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल–हमास के बीच चल रहे युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि फिलिस्तीनियों को उनकी मातृभूमि से वंचित कर दिया गया है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने इजरायल–हमास के बीच चल रहे युद्ध में नागरिकों की मौत पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि फिलिस्तीनियों को उनकी मातृभूमि से वंचित कर दिया गया है। उन्होंने हमास द्वारा 7 अक्टूबर के घातक हमले के बाद चल रही जवाबी कार्रवाई में इजराइल से अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का पालन करने का भी आग्रह किया। एस जयशंकर ने मलेशिया में एक कार्यक्रम में भारतीय समुदाय के साथ बातचीत के दौरान यह बयान दिया। एस जयशंकर ने समाचार एजेंसी एएनआई के हवाले से कहा था ष्कितने अलग–अलग खींचतान और दबाव हो सकते हैं। एक तरफ, 7 अक्टूबर को जो हुआ वह आतंकवाद था। दूसरी तरफ, कोई भी निर्दोष नागरिकों की मौत को बर्दाश्त नहीं करेगा। जवाब देने में देश अपने मन से उचित हो सकते हैं, लेकिन आप ऐसा नहीं कर सकते।ष एक प्रतिक्रिया जो...प्रत्येक प्रतिक्रिया को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून नामक किसी चीज को ध्यान में रखना चाहिए। उन्होंने कहा, ष्तथ्य यह है कि मुद्दे के अधिकार और गलतियाँ जो भी हों, इसमें फिलिस्तीनियों के अधिकारों का अंतर्निहित मुद्दा है और तथ्य यह है कि उन्हें उनकी मातृभूमि से वंचित कर दिया गया है।ष भारत ने लंबे समय से चल रहे इजराइल–फिलिस्तीन संघर्ष के लिए श्दो–राज्य समाधानश का समर्थन जारी रखा है। इस बीच, विदेश मंत्री ने मलेशिया में विभिन्न कंपनियों के सीईओ के साथ एक गोलमेज बैठक की और भारतीय उद्योगों के साथ साझेदारी में उनकी बढ़ती रुचि की सराहना की। 7 अक्टूबर का हमला क्या था? 7 अक्टूबर, 2023 को हमास ने इजराइल के दक्षिणी हिस्से में घातक हमला किया। हमले में हमास के आतंकवादियों ने महिलाओं और बच्चों सहित सैकड़ों नागरिकों की हत्या कर दी। आतंकवादियों ने 200 से अधिक इजराइलियों को भी बंधक बना लिया, जिनमें से कई अभी भी गाजा में उनकी हिरासत में हैं। इस भयानक हमले को ष्7 अक्टूबर का हमलाष कहा गया। जराइल ने गाजा में हमास के खिलाफ एक बड़ा सैन्य आक्रमण शुरू करके जवाबी कार्रवाई की, जिससे इजराइल–हमास युद्ध चल रहा है। इजरायल के प्रधान मंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दावा किया कि सैन्य हमले का उद्देश्य हमास की हिरासत के तहत सभी बंधकों को मुक्त करना और गाजा में आतंकवादी नेटवर्क को ष्पूरी तरह से नष्ट करना है। चल रहे युद्ध में, नवंबर में एक संक्षिप्त युद्धविराम हुआ था, जिसके दौरान इजरायली जेलों में बंद फिलिस्तीनी कैदियों की रिहाई के बदले में हमास की हिरासत में लगभग सौ बंधकों को रिहा कर दिया गया था। हालाँकि, तब से, शेष इजरायली बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने और युद्ध रोकने के प्रयास और बातचीत विफल रही हैं। गाजा मंत्रालय के अनुसार, युद्ध के परिणामस्वरूप गाजा में 32,000 से अधिक लोग मारे गए हैं। फिलीपीन से दिया चीन को जवाब इससे पहले जयशंकर अपनी आशियान देशों की यात्रा के दौरान फिलीपीन गये थे। वहां उन्होंने फिलीपीन के साथ भारत के संबंधों को मधुर करने की दिशा में कार्य किया और चीन को अपनी राजनायिक सूझबूझ ने मालद्वीप वाले मुदेद पर जवाब भी दे किया। विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने दक्षिण चीन सागर के मुद्दे पर देश के रुख को सार्वजनिक रूप से रखते हुए मंगलवार को कहा कि भारत अपनी राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने में फिलीपीन का दृढ़ता से समर्थन करता है। उन्होंने यह टिप्पणी ऐसे समय की है जब फिलीपीन और चीन वर्तमान में संसाधनों से समृद्ध इस क्षेत्र को लेकर सीमा विवाद में उलझे हुए हैं। जयशंकर ने मनीला मेंफिलीपीन के विदेश मंत्री एनरिक मनालो के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन मेंये टिप्पणियां कीं। जयशंकर ने संभवतरू पहली बार दक्षिण चीन सागर मुद्दे पर भारत के रुख का संकेत देते हुए कहा, "मैं इस अवसर पर फिलीपीन की राष्ट्रीय संप्रभुता को बनाए रखने के लिए भारत के समर्थन को मजबूती से दोहराता हूं।"

# 22 भारतीयों ने बचा ली सैकड़ों की जान! स्काट ब्रिज हादसे में क्यों हुई भारत की तारीफ?



शिप पर 22 भारतीयों के क्रू दल ने इमरजेंसी कॉल कर खतरे की पूरी जानकारी दे दी। इस हादसे से पहले ही फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया गया। दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है और किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। अमेरिका के बाल्टीमोर में पुल टूटने के बाद आवाजाही ठप्प होने के साथ ही बंदरगाह भी बंद हो गया है। इस पुल के ढहने बड़ा आर्थिक नुकसान होने का भी अनुमान है। बाल्टीमोर में पुल से टकराने वाले कंटेनर जहाज पर सवार भारतीय चालक दल के सदस्यों में से एक को मामूली चोट आई है, जबकि 21 अन्य सुरक्षित बताए गए हैं। बाल्टीमोर ब्रिज को फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज के नाम से जाना जाता है। इसका नाम 19वीं सदी के अमेरिकी कवि फ्रांसिस स्कॉट के नाम पर रखा गया है। इस पुल को 1977 में आम जनता के लिए खोला गया था। यानी 47 साल से ये पुल इस पूरे इलाके के लिए बेहद खास था। इस पुल का इस्तेमाल हर दिन करीब 30 हजार लोग करते थे। जबकि हर साल करीब 1 करोड़ 13 लाख गाड़ियां गुजरती थी। ग्रेस ओसियन पीटीई लिमिटेड के मालिक और डाली के जहाज प्रबंधक ने एक बयान में कहा कि हम श्डालीश पर सवार सभी चालक दल के सदस्यों और दो पायलटों की सुरक्षा की पुष्टि करते हैं, एक मामूली चोट की सूचना है। घायल चालक दल के सदस्य का इलाज कर दिया गया है और उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। जहाज प्रबंधन कंपनी सिनर्जी मरीन ग्रुप की वेबसाइट पर पोस्ट किया गया। दुर्घटना के बाद, सिनर्जी ने मंगलवार को एक बयान में कहा था कि डाली के चालक दल में सभी भारतीय थे और कुल 22 लोग थे। दरअसल, शिप पर 22 भारतीयों के क्रू दल ने इमरजेंसी कॉल कर खतरे की पूरी जानकारी दे दी। इस हादसे से पहले ही फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया गया। दो पायलटों सहित चालक दल के सभी सदस्यों का पता लगा लिया गया है और किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। कोई प्रदूषण भी नहीं हुआ है। चालक दल का नाम और अन्य विवरण जारी नहीं किया गया है। इसमें कहा गया है कि अमेरिकी तट रक्षक और राष्ट्रीय परिवहन सुरक्षा बोर्ड जांच करने के लिए जहाज पर चढ़े।

मंगलवार तड़के, 984 फुट लंबा कंटेनर जहाज, डाली, बाल्टीमोर में पटप्सको नदी पर बने 2.6 किमी लंबे फ्रांसिस स्कॉट की ब्रिज से टकरा गया, जिससे वह ताश के पत्तों की तरह ढह गया।

# शहबाज की गलती पर जिनपिंग ने ये क्या कर दिया, पूरे पाकिस्तान को मिलेगी सजा

चीनी इंजीनियरों की गाड़ी पर हमले के बाद शहबाज शरीफ इस कदर घबरा गए कि हमले के कुछ ही घंटे के बाद अपनी पूरी कैबिनेट के साथ चीनी दूतावास पहुंच गए। पाकिस्तान चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से ऊंचा और समुद्र से गहरा बताता है। चीन का पाकिस्तान से नाराज होना और पाकिस्तान सरकार का डर दोनों जायज है। पिछले कुछ वर्षों में बार–बार चीन के नागरिकों को आतंकियों ने निशाना बनाया। कई चीनी नागरिकों की जान भी गई। लेकिन इस तरह के हमलों को रोकने में पाकिस्तान हमेशा नाकाम रहा है। पाकिस्तान काफी हद तक चीन पर निर्भर है। ऐसे में चीन ये बिल्कुल बर्दाश्त नहीं करेगा कि मदद के बदले में उसे अपनी नागरिकों की जान गंवानी पड़े। ताजा आतंकी हमले में अपने पांच नागरिकों की जान जाने से चीन गुस्से में है। चीन की तरफ से कहा गया है कि पाकिस्तान इस आत्मघाती हमले की जांच करे और दोषियों को सख्त से सख्ता सजा दे। चीनी इंजीनियरों की गाड़ी पर हमले के बाद शहबाज शरीफ इस कदर घबरा गए कि हमले के कुछ ही घंटे के बाद अपनी पूरी कैबिनेट के साथ चीनी दूतावास पहुंच गए। पाकिस्तान चीन के साथ अपनी दोस्ती को हिमालय से ऊंचा और समुद्र से गहरा बताता है। लेकिन डर की वजह से प्रधानमंत्री प्रोटोकॉल तोड़ते हुए खुद ही चीन के राजदूत से मिलने चले जाते हैं। शहबाज शरीफ की इतनी हिम्मत भी नहीं हुई कि वो चीनी राजदूत से आंखे मिलाकर बात कर पाए। पूरे वक्त वो डरे सहमे नजर आए। वहीं ऐसी अटकलें लग रही हैं कि बीजिंग इस्लामाबाद पर सीपीईसी परियोजनाओं की सुरक्षा के लिए अपनी सुरक्षा एजेंसियों को तैनात करने के लिए दबाव डाल सकता है। पाकिस्तान सरकार भले ही चीन के साथ दोस्ती निभा रही हो। लेकिन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी और इसके जैसे दूसरे संगठनों को चीनी नागरिक देश में मंजूर नहीं हैं। इसलिए पिछले करीब पांच वर्षों से बार–बार चीनी नागरिकों पर हमले की घटनाएं सामने आई है। चीनी नागरिकों पर हमले करने में सबसे आगे बीएलए है।

# राजस्थान रायल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स ने जीता टास, यहां देखें दोनों की प्लेइंग 11




जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच मुकाबला खेला जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं दिल्ली में दो बदलाव हुए हैं। ईशांत शर्मा की जगह एनरिक नॉर्खिया और शाई होप की जगह मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया है।राजस्थान रॉयल्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में मुकाबला खेला जा रहा है। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। वहीं दिल्ली में दो बदलाव हुए हैं। ईशांत शर्मा की जगह एनरिक नॉर्खिया और शाई होप की जगह मुकेश कुमार को टीम में शामिल किया गया है। वहीं ऋषभ पंत का आईपीएल में यह 100वां मुकाबला है। वह दिल्ली के लिए 100 मैच खेलने वाले पहले खिलाड़ी हैं। जबकि राजस्थान रॉयल्स ने अपने पहले मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को मात दी थी। जिस कारण वो दिल्ली के खिलाफ अपना जीत का सिलसिला जारी रखना चाहेंगे। इसके साथ ही रॉयल्स में कोई बदलाव नहीं हुआ है। राजस्थान रॉयल्स– यशस्वी जायसवाल, जोस बटलर, संजू सैमसन (विकेटकीपर), रियान पराग, शिम्रोन हेटमायर, ध्रुव जुरेल, रविचंद्रन अश्विन, ट्रेंट बोल्ट, युजवेंद्र चहल, संदीप शर्मा, आवेश खान। दिल्ली कैपिटल्स– डेविड वॉर्नर, मिचेल मार्श, रिकी भुई, ऋषभ पंत (विकेटकीपरध्कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, अक्षर पटेलस सुमित कुमार, कुलदीप यादव, एनरिक नॉर्टजे, खलील अहमद, मुकेश कुमार

# एक बार फिर दिखा जोंटी का बाइक्स के लिए प्यार, ट्रेनिंग करने टीम बस नहीं रायल एनफील्ड से पहुंचे

जोंटी रोड्स स्टाइलिश फील्डिंग नहीं बल्कि अपने बाइक्स लव के लिए जाने जाते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच ने ट्रेनिंग के लिए टीम बस नहीं बल्कि स्टेडियम तक पहुंचने के लिए रॉयल एनफील्ड का सहारा लिया। जोंटी की स्टाइलिश एंट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। साउथ अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर जोंटी रोड्स स्टाइलिश फील्डिंग नहीं बल्कि अपने बाइक्स लव के लिए जाने जाते हैं। लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच ने ट्रेनिंग के लिए टीम बस नहीं बल्कि स्टेडियम तक पहुंचने के लिए रॉयल एनफील्ड का सहारा लिया। जोंटी की स्टाइलिश एंट्री का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बता दें कि, ट्रेनिंग के लिए जोंटी रोड्स अपनी रॉयल एनफील्ड शॉटगन 650 की राइड करते हुए स्टेडियम पहुंचे। एकाना स्टेडियम में बाइक दौड़ाते हुए रोड्स का वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है।



# एसीए के कारण बताओ नोटिस का हनुमा विहारी ने दिया जवाब,एनओसी की मांग की

हनुमा विहारी ने रणजी के बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अपनी कप्तानी की कीमत चुकाने को लेकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि वह फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलेंगे। 25 मार्च को एसीए ने विहारी को ईमेल पर नोटिस भेजकर उनकी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। भारतीय बल्लेबाज हनुमा विहारी ने आंध्र क्रिकेट एसोसिएशन के दावों का खंडन किया है। इसमें उन्होंने जारी किए गए कारण बताओ नोटिस का जवाब नहीं दिया था। दरअसल, हनुमा विहारी ने रणजी के बाद राजनीतिक हस्तक्षेप के कारण अपनी कप्तानी की कीमत चुकाने को लेकर आलोचना की थी। उन्होंने कहा था कि वह फिर कभी आंध्र के लिए नहीं खेलेंगे। 25 मार्च को एसीए ने विहारी को ईमेल पर नोटिस भेजकर उनकी टिप्पणियों पर स्पष्टीकरण मांगा था। ईएसपीएन की रिपोर्ट के अनुसार विहारी ने कहा कि उन्होंने अपने साथ हुए अनुचित व्यवहार के बारे में तथ्यों को सामने रखा। विहारी ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो को बताया कि, मैं बाहर जाना चाहता हूं और दूसरी टीम के लिए खेलना चाहता हूं। मैंने एसीए से अनापत्ति प्रमाणपत्र मांगा है। मैं जवाब का इंतजार कर रहा हूं। एसीए के एक अधिकारी ने नाम छिपाने की शर्त पर पीटीआई को बताया कि, हां हमने उन्हें कारण बताओ नोटिस भेजा है और हम जवाब का इंतजार कर रहे हैं। ये सिर्फ ये पता लगाने के लिए है कि उसने पिछले महीने किस तरह की प्रतिक्रिया दी थी। वह हमारे पास नहीं पहुंचा है, इसलिए ये उसके लिए अपनी शिकायतें सामने लाने का मौका है। आखिरकार, हनुमा विहारी और राज्य क्रिकेट के विकास में उनके योगदान को महत्व देते हैं क्योंकि उन्होंने आंध्र कोघरेलू क्रिकेट में आगे बढ़ाने में एक अहम भूमिका निभाई है।



# सूर्यकुमार यादव फिटनेस पर बड़ा अपडेट, फैंस को करना होगा अभी और इंतजार



सूत्र का कहना है कि, ूर्यकुमार यादव काफी अच्छी ्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है। मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है। पांच बार की चौंपियन मुंबई इंडियंस को आईपीएल 2024 में एक के बाद एक झटके लग रहे हैं। हार्दिक पंड्या की कप्तानी में ड्प लगातार दो मैच हार चुकी है। वहीं दुनिया के नंबर वन टी20 खिलाड़ी सूर्याकुमार यादव की कमी टीम को खल रही है। लेकिन मुंबई की परेशानी अभी कम नहीं होंगे। दरअसल, सूर्यकुमार यादव स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी से पूरी तरह नहीं उबर पाए हैं और आईपीएल के कुछ और मैचों में नहीं खेल पाएंगे। राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) उनकी प्रगति पर नजर रखे हुए है। वहीं भारतीय क्रिकेट बोर्ड (ठब्ब्) के सूत्र ने कहा कि, सूर्या (सूर्यकुमार) काफी अच्छी प्रगति कर रहा है और काफी जल्द मुंबई इंडियन्स की ओर से वापसी करेगा। शुरुआती दो मैच में नहीं खेल पाने के बाद हालांकि उसे कुछ और मुकाबलों से बाहर रहना पड़ सकता है। मुंबई इंडियन्स को सूर्यकुमार की कमी खल रही है लेकिन बीसीसीआई इस आक्रामक बल्लेबाज की फिटनेस को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहता क्योंकि जून में वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में उनके बड़ी भूमिका निभाने की उम्मीद है। साथ ही सूत्र ने आगे कहा, ''बीसीसीआई के लिए मुख्य चिंता यह है कि वह टी20 विश्व कप में खेलने की राह पर हैं या नहीं और वह इस स्थिति में है।'' मैदान के चारों तरफ शॉट खेलने की क्षमता के लिए 33 साल के सूर्यकुमार की तुलना कई बार दक्षिण अफ्रीका के संन्यास ले चुके दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स से होती है। सूर्या ने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट में 171.55 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। उन्होंने भारत के लिए 60 टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में चार शतक की मदद से 2141 रन बनाए हैं। मुंबई इंडियन्स की टीम सोमवार को मुंबई में अपने पहले घरेलू मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स से भिड़ेगी।

# दिल्ली कैपिटल्स की प्लेइंग 11 में क्यों नहीं हैं पृथ्वी शा, सौरव गांगुली ने बताई वजह

वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मुकाबले में पृथ्वी शॉ को टीम की प्लेइंग 11 में जगह नहीं मिली थी। वहीं अब क्ब के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने इसके पीछे का कारण बताया है। पंजाब के खिलाफ पहले मुकाबले में दिल्ली को 4 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। इस मैच में डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने पारी का आगाज किया था दिल्ली कैपिटल्स गुरुवार को जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ अपना दूसरा आईपीएल 2024 मुकाबला खेलेगी। वहीं पंजाब किंग्स के खिलाफ पहले मुकाबले में पृथ्वी शॉ को टीम की प्लेइंग 11 में जगह नहीं मिली थी। वहीं अब क्ब के क्रिकेट निदेशक सौरव गांगुली ने इसके पीछे का कारण बताया है। पंजाब के खिलाफ पहले मुकाबले में दिल्ली को 4 विकेट से हार झेलनी पड़ी थी। इस मैच में डेविड वॉर्नर और मिचेल मार्श ने पारी का आगाज किया था वहीं राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ भी अगर यही ऑस्ट्रेलियाई जोड़ी ओपनिंग करेगी तो एक बार फिर पृथ्वी शॉ को बेंच पर बैठना पड़ेगा। सौरव गांगुली ने कहा कि, पृथ्वी शॉ टीम में तो हैं, लेकिन उन्हें मिडिल ऑर्डर में नहीं खिलाया जा सकता है। बता दें कि, शॉ ने अभी तक अपने करियर में ओपनिंग ही की है। ऐसे में डीसी उन्हें मिडिल में खिलाना नहीं चाहती है। दिल्ली ने पिछले मुकाबले में 27 साल के रिकी भुई को मौका दिया था। उन्होंने रणजी ट्रॉफी में शानदार परफॉर्म करने के बाद ये मौका मिला है। सौरव गांगुली ने जयपुर में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ दिल्ली कैपिटल्स के दूसरे मैच से पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने कहा कि पृथ्वी शॉ एक सलामी बल्लेबाज हैं। हमने मार्श और वॉर्नर के साथ ओपनिंग करने का फैसला किया है और रिकी भुई मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाज हैं।



# खास चप्पल कर रही इंतजार... अभिषेक शर्मा ने किया बेहतरीन प्रदर्शन फिर भी खुश नहीं हैं गुरु युवराज सिंह

अभिषेक पंचाब की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और युवराज सिंह को वो अपना गुरु मानते हैं। युवराज सिंह की भी अभिषेक के खेल पर नजर रहती है। वो अक्सर अभिषेक को लेकर ट्वीट करते हैं। अभिषेक की इस तूफानी पारी पर युवराज ने ट्वीट कर खुशी जताई और साथ ही अभिषेक की खिंचाई भी कर दी। मुंबई इंडियंस को हराने के साथ सनराइजर्स हैदराबाद ने कई रिकॉर्ड बनाए है। वहीं इस मुकाबले में हैदराबाद के बल्लेबाजों ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया। इसी कड़ी में युवा बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने 16 गेंद में फिफ्टी ठोक दी। जिसके बाद वो आईपीएल इतिहास में सबसे तेज फिफ्टी बनाने वाले बल्लेबाज बन गए हैं। लेकिन अभिषेक की इस धुआंधार पारी से उनके गुरु युवराज सिंह खुश नहीं हैं। दरअसल, अभिषेक पंचाब की तरफ से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं और युवराज सिंह को वो अपना गुरु मानते हैं। युवराज सिंह की भी अभिषेक के खेल पर नजर रहती है। वो अक्सर अभिषेक को लेकर ट्वीट करते हैं। अभिषेक की इस तूफानी पारी पर युवराज ने ट्वीट कर खुशी जताई और साथ ही अभिषेक की खिंचाई भी कर दी।

भिषेक शर्मा ने 23 गेंद में 63 रन की पारी खेली थी। इसमें उन्होंने 3 चौके और 7 छक्के मारे थे। हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 3 विकेट के नुकसान र 277 रन बनाए थे। उनके अलावा हेनरिक क्लासेन ने 34 गेंदों में 80 रन की पारी खेली थी। इस पर युवराज सिंह ने ग पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि, वाह सर अभिषेक वाह। शानदार पारी, लेकिन आउट होने के लिए क्या शॉट चुना। लातों के भूत बातों से नहीं मानते हैं। स्पेशल चप्पल तुम्हारा इंतजार कर रही है।




# बेहतर नींद के लिए डाइट में शामिल करें ये 5 खाद्य पदार्थ

मेलाटोनिन एक आवश्यक हार्मोन है और यह सर्कैडियन लय को चलाने में सहायक है।सर्कैडियन लय मानव शरीर की आंतरिक घड़ी होती है, जो रोशनी के संपर्क के आधार पर सोने–जागने के चक्र को नियंत्रित करती है।हालांकि, रात में रोशनी के संपर्क में रहने से मेलाटोनिन उत्पादन प्रभावित होता है, जिससे नींद आने में दिक्कत हो सकती है।आइए आज हम आपको कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जो मेलाटोनिन को बढ़ावा दे सकते हैं।

कैमोमाइल चायसोने से पहले एक कप कैमोमाइल चाय का सेवन मेलाटोनिन के उत्पादन को बढ़ाने में मदद कर सकता है।इसका कारण है कि इसमें मौजूद एपिजेनिन एक प्राकृतिक ट्रैंक्विलाइजर के रूप में कार्य करता है।यह शरीर में मेलाटोनिन हार्मोन के स्राव को भी बढ़ाता है, जो चिंता और तनाव के लक्षणों को कम कर सकते हैं और नींद न आने की समस्या का इलाज कर सकते हैं।यहां जानिए कैमोमाइल चाय के सेवन से मिलने वाले अन्य फायदे।

जायफल अगर आप किसी भी तरह से जायफल को अपनी डाइट में शामिल करते हैं तो इससे भी नींद में सुधार हो सकता है। एक शोध के मुताबिक, जायफल में एक खास तत्व होता है, जो मेलाटोनिन का उत्पादन बढ़ाकर नींद में सुधार करने का काम कर सकता है।यहां जानिए जायफल के सेवन से मिलने वाले अन्य स्वास्थ्य लाभ।इलायचीचाय या खाने में इलायची का इस्तेमाल भी आपकी नींद को सुधारने में मदद कर सकता है।इसका कारण है कि इलायची शरीर को आराम देने वाले गुणों से समृद्ध होती है, जो मेलाटोनिन को बढ़ावा देकर बेहतर नींद दिला सकते हैं।इसके अतिरिक्त इलायची पाचन एंजाइम को उत्तेजित करके पाचन क्रिया को दुरुस्त रखने में मदद कर सकती है।यहां जानिए इलायची से मिलने वाले अन्य लाभ।अश्वगंधाअश्वगंधा भी नींद न आने की समस्या को दूर कर सकता है।इसमें एंटी–ऑक्सीडाइजिंग और एंटीस्ट्रेस गुण होते हैं, जो तनाव को कम करके अच्छी नींद देने में मदद करते हैं।दरअसल, इसमें नर्विन प्रॉपर्टीज होती हैं, जो शरीर को ऊर्जा प्रदान करके नर्वस सिस्टम को सुचारू रूप से काम करने में मदद करती है। इससे मेलाटोनिन का उत्पादन भी अच्छा–खासा होता है।यहां जानिए अश्वगंधा के सेवन से मिलने वाले अन्य स्वास्थ्य लाभ। मशरूममशरूम में मौजूद ट्रिप्टोफैन नामक अमीनो एसिड मेलाटोनिन को बढ़ावा दे सकता है और नींद न आने की समस्या को दूर कर सकता है।लाभ के लिए इस पौष्टिक सब्जी को अपनी डाइट में शामिल करें, खासकर शाम के नाश्ते या रात के खाने में ताकि आपको रात में अच्छी नींद आ सके।भारत में खाने योग्य ये 5 मशरूम मिलते हैं। ये कई पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, इसलिए इनका सेवन जरूर करें।



# थायराइड मरीजों के लिए जरूरी हैं ये 5 पोषक तत्व, आज ही करें डाइट में शामिल

थायराइड शरीर के जरूरी अंगों में से एक है, जो संपूर्ण स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। यह गर्दन में मौजूद एक छोटी ग्रंथि है, जिसकी लंबाई लगभग 2 इंच होती है।थायराइड ग्रंथि दिल की धड़कन, पाचन क्रिया आदि को नियंत्रित करने में सहायक होती है। जब ये ग्रंथियां आवश्यक हार्मोन का उत्पादन नहीं कर पातीं, तो हाइपोथायरायडिज्म हो जाता है।इस बीमारी से निजात पाने के लिए अपनी डाइट में ये 5 पोषक तत्व शामिल करें।आयोडीनआयोडीन थायराइड से जुड़े हार्मोन के उत्पादन के लिए एक जरूरी घटक है। थायराइड बीमारी से बचने के लिए अपने आहार में आयोडीन युक्त खाद्य पदार्थों को शामिल करना चाहिए।इसके अच्छे स्रोतों में आयोडीन युक्त नमक, सूखी समुद्री घास, स्ट्रॉबेरी, हरी पत्तेदार सब्जियां और आलू शामिल हैं। इन सभी का सेवन आपको इस बीमारी को ठीक करने के लिए करना चाहिए।हाइपोथायरायडिज्म के रोगी इन 5 खाद्य पदार्थों से बनाएं दूरी।सेलेनियमसेलेनियम एक जरूरी खनिज है, जो स्वस्थ थायराइड को बनाए रखने में मदद करता है। यह एक एंटीऑक्सीडेंट के रूप में भी काम करता है, जो थायराइड ग्रंथि को ऑक्सीडेटिव क्षति से बचाता है।सेलेनियम को शरीर में बढ़ाने के लिए ब्राजील नट्स, फलियां और साबुत अनाज को खान–पान में जोडना चाहिए। इसके अलावा सूरजमुखी के बीज, तिल, मशरूम और ऐस्पैरगस खाने से भी सेलेनियम मिलता है।इन योगासनों की मदद से आप थायराइड का जोखिम कम कर सकते हैं।जिंकजिंक थायराइड हार्मोन के उत्पादन को बढ़ावा देता है और उसे नियमित भी बनाता है। यह हमारी प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूती देता है और थायराइड के दौरान चयापचय स्वास्थ्य को सुधारता है।जिंक की कमी होने से हाइपोथायरायडिज्म का खतरा बढ़ जाता है। इससे भरपूर खाद्य पदार्थों में कद्दू के बीज, नट्स, दालें, छोले, ओट्स और फलियां शामिल हैं।इन सभी के सेवन से थायराइड को ठीक किया जा सकता है।विटामिन–डी विटामिन–डी की कमी होने पर हाइपोथायरायडिज्म हो सकता है। पर्याप्त विटामिन–डी का स्तर थायराइड के लक्षणों को कम करने में मददगार साबित होता है।आप सूरज की रोशनी के संपर्क में आने से इस पोषक तत्व को पा सकते हैं। साथ ही आहार में मशरूम, संतरे का जूस, दही और अखरोट का दूध शामिल करके भी विटामिन–डी की कमी को ठीक किया जा सकता है।



# बड़े मियां छोटे मियां का ट्रेलर जारी, अक्षय कुमार और टाइगर श्राफ ने किया जबरदस्त एक्शन

बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ स्टारर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां लगातार सुर्खियों में बनी हुई है। फिल्म के टीजर और गाने सामने आने के बाद से दर्शकों में इस फिल्म को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। दर्शकों का उत्साह देखते हुए फिल्म के मेकर्स ने आज बड़े मियां छोटे मियां का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। फिल्म का ट्रेलर बेहद ही दिलचस्प है। इसमें अक्षय–टाइगर जबर्दस्त एक्शन करते नजर आए हैं। बड़े मियां छोटे मियां के मेकर्स ने फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया है। ट्रेलर गोलीबारी और बम धमाके के साथ–साथ दमदार एक्शन से भरपूर है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ अलग ही लेवल का स्टंट करते दिखाई दिए हैं। इसमें दोनों सितारे देश के एक ऐसे दुश्मन का खात्मा करने निकले हैं, जिसके बारे में किसी को कुछ भी पता नहीं है। ये दुश्मन देश की तबाही का सपना लिए बैठा है। फिल्म में दुश्मन के साथ अक्षय–टाइगर की जंग देखने को मिलेगी। टाइगर और अक्षय ट्रेलर में बोलते नजर आ रहे हैं, दिल से सोलजर दिमाग से शैतान हैं हम..बच के रहना हमसे हिंदुस्तान हैं हम। अक्षय–टाइगर की जोड़ी अपने अंदाज में दुश्मन को हराने में लग जाती है। मगर ट्रेलर के आखिर में ये एक्शन जोड़ी एक–दूसरे की ही दुश्मन बन जाती है। अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ–साथ मानुषी छिल्लर, सोनाक्षी सिन्हा भी जरबर्दस्त अभिनय करती दिखाई दी हैं।फिल्म में अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर के अलावा पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा भी महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। फिल्म को अली अब्बास जफर ने लिखा और निर्देशित किया है। इसके निर्माता वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा और अली अब्बास जफर हैं। फिल्म ईद के मौके पर बड़े पर्दे पर 10 अप्रैल 2024 को रिलीज होगी।



### राम चरण की गेम चेंजर का पहला गाना जरागांडी जारी, कियारा आडवाणी की भी दिखी झलक



अभिनेता राम चरण की आगामी फिल्म गेम चेंजर को दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, जो जल्द खत्म होने वाला है।फिल्म में राम चरण की जोड़ी अभिनेत्री कियारा आडवाणी के साथ बनी है। विनय विद्या राम के बाद यह कियारा और राम चरण के बीच दूसरा सहयोग है।27 मार्च को राम चरण अपना 39वां जन्मदिन मना रहे हैं। इस खास मौके पर निर्माताओं ने गेम चेंजर का पहला गाना जरागांडी जारी कर दिया है। गेम चेंजर के पहले गाने जरागांडी को दलेर मेहंदी और सुनिधि चौहान ने मिलकर गाया है। इस गाने के बोल अनंत श्रीराम ने लिखे हैं।फिल्म के निर्देशन की कमान शंकर ने संभाली है। फिल्म की कहानी कार्तिक सुब्बाराज ने लिखी है।गेम चेंजर एक राजनीतिक एक्शन थ्रिलर है, जिसमें राम चरण और कियारा के अलावा अंजलि, एसजे सूर्या,

# श्रेयस तलपड़े की कर्तम भुगतम की रिलीज तारीख से उठा पर्दा, नया पोस्टर भी जारी

अभिनेता श्रेयस तलपड़े पिछले कुछ समय से अपनी आगामी फिल्म को लेकर खबरों का हिस्सा बने हुए हैं, जिसका नाम कर्तम भुगतम है।इस फिल्म में विजय राज, मधु और अक्षा परदासनी जैसे सितारे भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे।सोहम पी शाह ने इस फिल्म के निर्देशन की कमान संभाली है।अब निर्माताओं ने कर्तम भुगतम की रिलीज तारीख से पर्दा उठा दिया है। यह फिल्म 17 मई, 2024 को सिनमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।कर्तम भुगतम को हिंदी के साथ तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जाएगा।फिल्म का नया पोस्टर भा सामने आ चुका है, जिसमें श्रेयस के साथ विजय राज की झलक दिख रही है।कर्तम भुगतम से पहले श्रेयस फिल्म लव यू शंकर में दिखाई देंगे, जो 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।श्रेयस ने हाल ही में तुषार कपूर के साथ अपनी नई फिल्म कपकपी का ऐलान किया था।फिल्म के बारे में बात करते हुए श्रेयस तलपड़े ने कहा, मेरे लिए कर्तम भुगतम एक सार्वभौमिक सत्य है। जो आप करोगे वही आपके सामने आएगा। जब मैंने



फिल्म की कहानी और इसका टाइटल सुना तो मैं तुरंत फिल्म की ओर आकर्षित हो गया। फिल्म की कहानी इसके नाम की तरह ही अनोखी और रोचक है।

निर्देशक सोहम पी. शाह ने कहा, फिल?म कर्तम भुगतम एक मनोवैज्ञानिक थ्रिलर है जो कर्म की जटिल कार्यप्रणाली से संबंधित है। हमारी फिल्म ज्योतिष और मानव भाग्य के बीच गहरे संबंध की पड़ताल करती है।

# अजय देवगन की शैतान की कमाई जारी, सिद्धार्थ मल्होत्रा की योद्धा की दैनिक कमाई में गिरावट जारी

अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म शैतान बॉक्स ऑफिस पर रिलीज के तीसरे सप्ताह भी अपने पांव जमाए हुए है।समीक्षकों के साथ दर्शकों की मिश्रित प्रतिक्रिया के बावजूद यह फिल्म शानदार कारोबार करने में कामयाब रही है।महज 65 करोड़ की लागत से बनी फिल्म शैतान ने अब घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 130 करोड़ रुपये की कमाई का आंड़का पार कर लिया है।आइए जानते हैं फिल्म ने 19वें दिन कितने करोड़ रुपये कमाए।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, शैतान ने अपनी रिलीज के 19वें दिन यानी तीसरे मंगलवार 2.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 130.95 करोड़ रुपये हो गया है।शैतान का डंका दुनियाभर में खूब बज रहा है। यह फिल्म अब तक 187.82 करोड़ रुपये से अधिक का कारोबार कर चुकी है।फिल्म में दक्षिण भारतीय सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री ज्योतिका भी मुख्य भूमिका में हैं। उन्होंने अजय की पत्नी का किरदार निभाया है। दूसरी ओर सिद्धार्थ मल्होत्रा, राशि खन्ना और दिशा पाटनी जैसे सितारों से सजी फिल्म योद्धा से निर्माताओं के साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन एक्शन के साथ रोमांस के तड़के से भरपूर यह फिल्म औसत से नीचे ही कमाई कर सकी।बॉक्स ऑफिस पर योद्धा धीमी रफ्तार से आगे बढ़ रही है।पिछले कुछ दिनों से फिल्म की कमाई में काफी उतार–चढ़ाव देखने को मिल रहा है और अब इसकी कमाई लाखों में सिमट चुकी है। अब योद्धा की कमाई के 12वें दिन के आंकड़े सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, दूसरे मंगलवार योद्धा ने 80 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स

ऑफिस कलेक्शन 31.65 करोड़ रुपये हो गया है।योद्धा धर्मा प्रोडक्शंस की पहली एरियल एक्शन फ्रैंचाइजी है। करण जौहर इस फिल्म के निर्माता हैं।सागर आंब्रे और पुष्कर ओझा ने इस फिल्म का निर्देशन किया है।

# कुणाल खेमू की मडगांव एक्सप्रेस की कमाई की रफ्तार धीमी, रणदीप हुड्डा की स्वतंत्र वीर सावरकर की कमाई में गिरावट शुरू

प्रतीक गांधी, अविनाश तिवारी और दिव्येंदु शर्मा जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस को 22 मार्च को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था।यह फिल्म इसलिए ज्यादा खास है क्योंकि मडगांव एक्सप्रेस कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है।नोरा फतेही ने भी इस कॉमेडी से भरपूर फिल्म में अपने अभिनय का तड़का लगाया है।वीकेंड पर शानदार कारोबार करने के बाद अब कामकाजी दिनों में मडगांव एक्सप्रेस की दैनिक कमाई लगातार घटती जा रही है।

मडगांव एक्सप्रेस की कमाई के पांचवें दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं।सैकनिल्क के मुताबिक, मंगलवार को फिल्म ने 1.50 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 11.15 करोड़ रुपये हो गया है।मडगांव एक्सप्रेस ने 1.5 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.75 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.8 करोड़ रुपये कमाए। चौथे दिन यह फिल्म 2.6 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही।दूसरी ओर रणदीप हुड्डा ने फिल्म स्वतंत्र वीर सावरकर के जरिए हिंदी सिनेमा में बतौर निर्देशक अपनी शुरुआत की है।इस फिल्म में अभिनेता ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर की जिंदगी को पर्दे पर उतारा है।बेशक रणदीप ने एक बार फिर अपनी उम्दा अदाकारी का लोहा मनवाया है, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी।वीकेंड पर ठीक–ठाक कमाई करने के बाद अब पांचवें दिन स्वतंत्र वीर सावरकर की कमाई की रफ्तार धीमी हो गई है।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, स्वतंत्र वीर सावरकर ने पांचवें दिन यानी मंगलवार को 1.10 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 9.15 करोड़ रुपये हो गया है।स्वतंत्र वीर सावरकर ने 1.05 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी।दूसरे दिन इस फिल्म ने 2.25 करोड़ रुपये कमाए, वहीं तीसरे दिन यह 2.7 करोड़ रुपये समेटने में सफल रही।चौथे दिन इस फिल्म ने 2.15 करोड़ रुपये जुटाए थे।

# अवनीत कौर ने बैकलेस बाडीकान ड्रेस पहन दिए सेक्सी पोज, एक्ट्रेस की तस्वीरें सोशल मीडिया पर मचा रहीं तहलका

बॉलीवुड और टीवी सीरियल स्टार अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरें सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर कीं। जिसमें अदाकारा बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं।बॉलीवुड और टीवी सीरियल अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपनी बोल्ड तस्वीरों से इंटरनेट की दुनिया में तहलका मचा दिया है। अवनीत कौर ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी बोल्ड तस्वीरें शेयर कीं। इन बोल्ड तस्वीरों में एक्ट्रेस बैकलेस ड्रेस में अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती दिखीं। जिसके बाद लोग एक्ट्रेस की बोल्डनेस को देख दांतों तले उंगली दबाते दिखे। अदाकारा की इन तस्वीरों पर फैंस ने भी जमकर कमेंट्स किए। यहां देखें टीकू वेड्स शेरू स्टार की बोल्ड बैकलेस ग्रीन ड्रेस की फोटोज। अदाकारा अवनीत कौर ने हाल ही में अपना बोल्ड अवतार फैंस को दिखाया है। जिसमें एक्ट्रेस बेहद बोल्ड और सिजलिंग नजर आई। अदाकारा अवनीत कौर ने अपने इस बोल्ड फोटोशूट के दौरान कई तरह की तस्वीरें क्लिक करवाईं। जो इस वक्त फैंस का दिल धड़का रही हैं। सामने आई अदाकारा की इन लेटेस्ट तस्वीरों में अदाकारा अवनीत कौर बेहद बोल्ड और ब्यूटीफुल नजर आईं। यही वजह है कि उनकी तस्वीरें धड़ल्ले से वायरल होती दिखीं। इस बैकलेस ड्रेस में अदाकारा अवनीत कौर अपनी पीठ पर बना टैटू फैंस को फ्लॉन्ट करती दिखीं। अदाकारा की इन तस्वीरों पर लोग दिल हार गए हैं। अदाकारा ने इस दौरान अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट किया है। वो कभी नीचे बैठकर तो कभी खड़े होकर तरह–तरह के पोज क्लिक करवाती दिखीं। अदाकारा अवनीत कौर की तस्वीरों पर फैंस भी दिल हार गए हैं। यही वजह है कि उनकी इन तस्वीरों पर लोगों ने जमकर कमेंट्स किए। अवनीत कौर की फोटोज पर कमेंट कर एक यूजर ने कमेंट कर लिखा, मार डाला तो



कई यूजर्स फायर की इमोजी शेयर करते दिखे।

# बाबी देओल की जागी सोई हुई किस्मत ? रनबीर कपूर के बाद अब

आईएएनएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉबी देओल आगामी जासूसी थ्रिलर में आलिया भट्ट और शारवरी वाघ को श्बर्बादश्करेंगे। बॉबी देओल का ल्त्थ स्पाई यूनिवर्स में शामिल होना, आदित्य चोपड़ा द्वारा किया गया एक अविश्वसनीय कास्टिंग तख्तापलट है! बॉलीवुड एक्टर बॉबी देओल की किस्मत तब चमकी जब लोगों ने एनिमल में उनके विलेन के किरदार को जमकर पसंद किया। एक फिल्म ने एक्टर की सोई हुई किस्मत को वापस जगा दिया। एनिमल के बाद बॉबी देओल आलिया भट्ट–स्टारर फिल्म के लिए फिर से ग्रे होने के लिए तैयार हैं। यह फिल्म प्रतिष्ठित यशराज फिल्म्स (वाईआरएफ) के स्पाई यूनिवर्स की बताई जा रही है। आईएएनएस की एक रिपोर्ट के अनुसार, बॉबी देओल आगामी जासूसी थ्रिलर में आलिया भट्ट और शारवरी वाघ को श्बर्बादश्करेंगे। बॉबी देओल का ल्त्थ स्पाई यूनिवर्स में शामिल होना, आदित्य चोपड़ा द्वारा किया





गया एक अविश्वसनीय कास्टिंग तख्तापलट है! आईएएनएस ने एक सूत्र के हवाले से बताया, श्बॉबी इस एक्शन तमाशा में आलिया भट्ट और शारवरी को नष्ट करने के लिए एक निर्दयी, खतरनाक खलनायक बनेंगे, जो दर्शकों के होश उड़ा देगा। आगामी अनाम फिल्म में, आलिया एक महिला एजेंट की भूमिका निभाएंगी, जिसका निर्देशन ल्त्थ के घरेलू निर्देशक शिव रवैल ने किया है। फिल्म में शरवरी भी हैं, जो एक मिशन पर सुपर एजेंट के रूप में आलिया के साथ हैं। अनजान लोगों के लिए, निर्देशक शिव रवैल ने पहले द रेलवे मेन का निर्देशन किया है। एक था टाइगर, टाइगर जिंदा है, वॉर, पठान, टाइगर 3 और वॉर 2 के बाद वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स की यह सातवीं फिल्म होगी। बॉबी देओल के अन्य प्रोजेक्ट्स अपनी वेब सीरीज आश्रम की सफलता के बाद बॉबी देओल ने कई बड़े प्रोजेक्ट्स पर मंथन किया है। वह अगली बार सूर्या–स्टारर कंगुवा में दिखाई देंगे। पैन–इंडिया फिल्म में दिशा पटानी भी मुख्य भूमिका में हैं। बॉबी पवन कल्याण की फिल्म हरि हर वीरा मल्लू में भी नजर आएंगे। इनके अलावा, उनकी झोली में आश्रम 4, देसी शेरलॉक होम्स, पेंटहाउस और अपने 2 भी हैं। बॉबी जॉन अब्राहम और इमरान हाशमी अभिनीत फिल्म शूटआउट एट बायकुला में एक विस्तारित कैमियो में भी दिखाई देंगे।

# फिल्म टाक्सिक में सुपरस्टर यश की बहन का किरदार निभाएंगी करीना कपूर



अभिनेता यश पिछले काफी समय से अपनी फिल्म टॉक्सिक को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं।इस फिल्म के निर्देशन की कमान गीतू मोहनदास ने संभाली है।अफवाहों का बाजार गर्म है कि यश के साथ टॉक्सिक में करीना कपूर काम करती नजर आ सकती हैं। हालांकि, कुछ दिन पहले करीना की टीम ने इन खबरों को अफवाह बताया था। नई खबर के अनुसार, करीना टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाएंगी।टॉक्सिक में यश की बहन का किरदार निभाने के लिए करीना से संपर्क किया गया है। अभिनेत्री और निर्माताओं के बीच बातचीत जारी है।अगर ऐसा होता है तो यह यश और करीना के बीच पहला सहयोग होगा।विकास से जुड़े एक सूत्र ने कहा, फिल्म की कहानी भाई–बहन के रिश्ते के ईद–गिर्द घूमेगी, जिसके लिए यश के साथ करीना नजर आएंगी। निर्देशक फिल्म की शुरुआत से ही करीना को टॉक्सिक में लेने के इच्छुक थे। बातचीत चल रही थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, टॉक्सिक में यश का एकदम नया अवतार देखने को मिलेगा। यह फिल्म एक्शन से भरपूर होगी।ऐसी चर्चा है कि यश और करीना के अलावा इस फिल्म में श्रुति हासन, साई पल्लवी और शाहरुख खान जैसे दिग्गज सितारे भी नजर आएंगे। फिलहाल इस खबर की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी ह।बता दें, फिल्म का निर्देशन गीतू मोहनदास करेंगे। उम्मीद की जा रही है कि टॉक्सिक 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### विद्या बालन की फिल्म दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है दिल हुआ रिलीज

विद्या बालन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म दो और दो प्यार को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी पहली बार सेंथिल राममूर्ति के साथ बनी है।यह फिल्म 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है।इससे पहले निर्माताओं ने दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है दिल जारी कर दिया है, जिसे अरमान मलिक और अनन्या बिड़ला ने मिलकर गाया है।कुणाल वर्मा ने इस रोमांटिक गाने के बोल लिखे हैं।

दो और दो प्यार का निर्देशन शीर्षा गुहा ठाकुरता ने किया है। समीर नायर, दीपक सहगल, तनुज गर्ग, अतुल कस्बेकर और स्वाति अय्यर चावला इस फिल्म के निर्माता हैं।विद्या ने दो और दो प्यार का पहला गाना जज्बाती है दिल साझा करते हुए लिखा, सौ दफा ये टूटेगा, फिर भी प्यार में कूदेगा।

क्यों की जज्बाती है दिल।प्रसिद्ध अभिनेत्री इलियाना डिक्रूज भी इस फिल्म का अहम हिस्सा हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी प्रतीक गांधी के साथ बनी है।

# रणबीर कपूर की रामायण में मंदोदरी का किरदार निभाएंगी टीवी एक्ट्रेस साक्षी तंवर ?

रणबीर कपूर की रामायण अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म नियमित रूप से सुर्खियां बटोरती रही है, बावजूद इसके इसके निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। रणबीर कपूर की रामायण अभिनेता की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित यह फिल्म नियमित रूप से सुर्खियां बटोरती रही है, बावजूद इसके इसके निर्माताओं द्वारा कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। फिल्म की स्टारकास्ट के बारे में कई रिपोर्टें हाल ही में सामने आई हैं, जैसे देवी सीता की भूमिका के लिए साई पल्लवी और आलिया भट्ट के नाम ऑनलाइन प्रसारित हो रहे थे। अब एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि टीवी एक्ट्रेस साक्षी तंवर को रावण की पत्नी मंदोदरी की भूमिका के लिए चुना गया है। फिल्मी बीट की एक रिपोर्ट के मुताबिक, डायरेक्टर नितेश तिवारी ने मंदोदरी के रोल के लिए साक्षी को कास्ट करने का फैसला किया है। वह केजीएफ स्टार यश के साथ स्क्रीन टाइम साझा करने के लिए उत्साहित हैं, जो फिल्म में रावण की भूमिका निभाएंगे, और टीम स्क्रिप्ट–रीडिंग सत्र में जा रही हैं। इसी रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि लारा दत्ता और रकुल प्रीत सिंह भी इन रीडिंग सेशन का हिस्सा थीं। लारा कथित तौर पर कैकेयी की मुख्य भूमिका निभाएंगी, जबकि रकुल द्वारा शूर्पणखा की भूमिका निभाने की खबरें भी आ रही हैं। इससे पहले, पिंकविला की एक रिपोर्ट में बताया गया था कि विजय सेतुपति को रावण के भाई विभीषण की भूमिका निभाने के लिए चुना गया है। एक करीबी सूत्र के हवाले से बताया गया श्नितेश तिवारी ने हाल ही में विजय सेतुपति से मुलाकात की और उन्हें स्क्रिप्ट और उस दुनिया के बारे में बताया जिसे वह रामायण के साथ बनाना चाहते हैं।

